दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





वर्ष 03, अंक 190 | ग्वालियर शुक्रवार 17 जुलाई 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8

## गुना पुलिस की बेरहमी का मामला : रातों-रात बदले जिले के कलेक्टर एसपी, कार्यवाही पड़ी जिले के अफसरों पर भारी

# सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाना पड़ा महंगा

**भोपाल ।** कॉलेज के लिए आवंटित सरकारी जमीन से पुलिस प्रशासनिक अफसरों को कब्जा हटाना महंगा साबित हो गया कब्जा हटाने के दौरान अफसरों को रोकने के लिए पहले गाली गलौज झगड़े पर उतारू दंपति ने बाद में कीटनाशक पीकर अफसरों पर दबाव डालने का प्रयास किया जहर पीने के बाद दंपत्ति अस्पताल जाने को भी तैयार नहीं थे,उनके परिजन भी लड़ाई झगड़े पर आमादा रहे।हालांकि बच्चों के रोते बिलखते व पुलिस की बर्बरता पूर्ण पिटाई के फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रदेश के सीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आधी रात्रि को जिले के कलेक्टर एसपी का तबादला कर दिया। बताया जाता है कि गुना के कैंट थाना क्षेत्र के जगनपुर में सरकारी जमीन मॉडल कॉलेज बनाने के लिए शिक्षा विभाग को आवंटित की गई थी पूर्व में इस जमीन पर दो बार कब्जा हटाने का प्रयास किया गया लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी,सूत्र



बताते हैं कि भू-माफिया डॉन गब्बू पारदी का इस भूमि पर बरसों से कब्जा है,उसके द्वारा एक अहिरवार परिवार को बटाई पर यह भूमि दे दी गई थी विगत दिवस जब पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर कब्जा हटाने पहुंची तो विवाद उत्पन्न हो गया इसी के चलते दंपत्ति ने जहर खा लिया हालांकि उनकी हालत में काफी सुधार है और वह जिला चिकित्सालय में भर्ती है गुना पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त दंपती सहित भू माफिया डॉन गब्बू पारदी सहित अन्य पर शासकीय कार्य में बाधा वअन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस की बर्बरता पूर्ण पिटाई व कीटनाशक पीने की खबरों ने शासन को हिला दिया रातों रात कलेक्टर एसपी का तबादला भोपाल लूप लाइन कर 26 वीं वाहिनी कमांडेंट राजेश सिंह को गुना एसपी बनाया है।

### हमारी लड़ाई अन्याय के खिलाफ

गुना शहर के जगनपुर क्षेत्र में एक सरकारी मॉडल कॉलेज के निर्माण के लिये निर्धारित सरकारी जमीन के अतिक्रमण से जबरन निकाले गये एक दलित दंपत्ति ने मंगलवार को इस मुहिम के विरोध में कीटनाशक पी लिया। जिसके बाद यह मामला और भी गर्मा गया। सोशल मीडिया पर दलित परिवार की पिटाई का वीडियो तेज़ी से शेयर किया जाने लगा। इसी क्रम में कांग्रेस के राहुल गांधी ने भी वीडियो अपने ट्विटर अकाउंट पर ट्वीट किया है। वीडियो ट्वीट कर उन्होंने प्रदेश में मौजूदा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हमारी लड़ाई ऐसी सोच और अन्याय के खिलाफ है। वहीं राहुल गांधी के इस ट्वीट पर पलटवार करते हुए बीजेपी के नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में जब कांग्रेस सरकार थी तब प्रीपेड प्लान के तहत अधिकारी नियुक्त होते थे।बीजेपी सरकार में घटना होते ही कलेक्टर एसपी को बदल दिया गया। प्रदेश में कानून व्यवस्था का किया जाएगा।



## प्रभारी अधिकारी जिलों के दौरे करें, मुख्यमंत्री चौहान ने कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की

# कोरोना को खत्म करने के लिए जिलावार रणनीति बनाएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में किल कोरोना अभियान में डोर-टू-डोर सर्वे कर बड़ी संख्या में टैस्ट किए गए हैं तथा एक-एक मरीज की पहचान कर उनका इलाज किया जा रहा है। इसके चलते प्रदेश की कोरोना मृत्यु दर में गिरावट आई है। प्रदेश में कुछ जिलों में संक्रमण कम हुआ है वहीं कुछ जिलों में संक्रमण बढ़ा है। प्रदेश में कोरोना को समाप्त करने के लिऐ जिलों की परिस्थितियों को देखते हुए जिलावार रणनीति बनाई जाए। प्रभारी अधिकारी जिलों का दौरा करें तथा जिला क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के साथ बैठक कर कोरोना संक्रमण समाप्त करने के प्रभावी प्रयास करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र, चिकित्सा शिक्षा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री श्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, डीजीपी श्री विवेक जौहरी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान उपस्थित



थे। किल कोरोना अभियान के अंतर्गत प्रदेश में 95 प्रतिशत जनसंख्या के स्वास्थ्य सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके अंतर्गत प्रदेश में एक लाख 5 हजार 679 व्यक्तियों के सैम्पल लिए गए हैं, जिनमें 1831 व्यक्ति कोरोना पॉजीटिव पाए गए हैं। पॉजिटिविटी का प्रतिशत 1.73 रहा है। टीकमगढ़ जिले की समीक्षा के दौरान पाया गया कि वहां कोरोना प्रकरणों की पॉजिटिविटी रेट अधिक आ रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि संक्रमित क्षेत्रों में सख्ती की जाए, सामान्य लॉकडाउन की आवश्यकता नहीं है। रीवा की समीक्षा के दौरान सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि कोरोना संक्रमित मरीजों की कांटेक्ट ट्रैसिंग के बाद आइसोलेशन पर ध्यान दिया जाए। यदि घर छोटे हों तथा उनमें क्वारेंटाइन की व्यवस्था न हो तो संस्थागत क्वारेंटाइन किया जाए। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने बताया कि गत 15 दिन में मध्यप्रदेश की कोरोना मृत्यु दर में एक प्रतिशत की कमी आई है। म.प्र. की कोरोना मृत्यु दर अब 3.38 प्रतिशत है। म.प्र. की कोरोना टैस्ट की संख्या बढ़ी है, प्रदेश में प्रति 10 लाख व्यक्ति 6726 टैस्ट हो रहे हैं। प्रदेश की पॉजिटिविटी दर 3.68 प्रतिशत तथा रिकवरी दर 69.3 है। प्रदेश की कोरोना ग्रोथ रेट 2.94 प्रतिशत है।

### उज्जैन को बधाई ग्वालियर सावधानी रखे

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उज्जैन जिले में कोरोना संक्रमण निरंतर कम होने पर वहाँ की टीम को बधाई दी। वहीं ग्वालियर में संक्रमण बढ़ने पर वहां विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। उज्जैन में कोरोना के 6 नए प्रकरण, वहीं ग्वालियर में 121 नए प्रकरण पाए गए हैं। जबलपुर और खंडवा को भी सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए।

## बिहार में बाढ़ का कहर 29 दिन भी नहीं चला 264 करोड़ का पुल

**पटन।** मानसून के प्रवेश करने के बाद से ही बिहार में बारिश और बाढ़ ने अपना कहर मचा रखा है। बिहार के गोपलगंज जिले में गंडक नदी पर 263 I47 करोड़ की लागत से बना सत्तरघाट पुल टूटकर नदी में बह गया। नदी का जलस्तर बढ़ने और भारी बारिश के चलते पुल का एक हिस्सा टूट



गया। इस पुल का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महज़ 29 दिन पहले 16 जून को किया था। इस टूटे हुए पुल का वीडियो राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट करते हुए नीतीश सरकार पर तंज कसा है। तेजस्वी यादव ने लिखा, ?ख़बरदार! अगर किसी ने इसे नीतीश जी का सुशासनी भ्रष्टाचार कहा तो? 263 करोड़ तो सुशासनी मुंह दिखाई है। इतने की तो इनके चूहे शराब पी जाते हैं। सत्तरघाट मुख्य पुल से करीब एक किलोमीटर पूर्व सड़क के टूट जाने से छपरा, सीवान, गोपालगंज जिलों से मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, दरभंगा की ओर आने-जाने वाले वाहनों का परिचालन ठप हो गया है।

## भारत पूरी दुनिया के लिये कोविड-19 की वैक्सीन बनाने में सक्षम : बिल गेट्स

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के संक्रमण की गिरफ्त में आ चुकी पूरी दुनिया के देश जल्द से जल्द इस महामारी से छुटकारा पाना चाहते हैं और इसके लिये दिन रात वैक्सीन बनाने के लिये काम कर रहे हैं। इस बीच माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने कहा कि भारतीय दवा उद्योग देश के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए कोविड-19 की वैक्सीन बनाने में सक्षम है। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-प्रमुख और न्यासी ने कहा कि भारत में कई बेहद महत्वपूर्ण चीजें हुई हैं और इसका दवा उद्योग कोरोना वायरस की वैक्सीन बनाने के लिए काम कर रहा है। कोविड-19ः वायरस के खिलाफ भारत की लड़ाई नामक वृत्तचित्र में उन्होंने कहा कि भारत को अपनी विशाल आबादी और शहरी केंद्रों के कारण स्वास्थ्य संकट की एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इस वृत्तचित्र को डिस्कवरी प्लस चैनल पर गुरुवार शाम प्रसारित किया जाएगा। भारत के दवा उद्योग की क्षमताओं के बारे में उन्होंने कहा कि भारत में बहुत अधिक क्षमता है। यहां की दवा और वैक्सीन कंपनियां पूरी दुनिया के लिए विशाल आपूर्तिकर्ता हैं। आप जानते हैं, भारत में सबसे अधिक टीके बनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि यहां बायो ई, भारत बायोटेक, कई अन्य हैं, जो कोरोना वायरस वैक्सीन बनाने में मदद के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं उत्साहित हूं कि वहां का दवा उद्योग न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए वैक्सीन का उत्पादन कर सकेगा। उन्होंने कहा कि हमें मौत के आंकड़ों को कम करने, और यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि इस बीमारी को खत्म करने की प्रतिरक्षा हमारे अंदर है।



## एयर इंडिया अमेरिका के लिये 17 जुलाई से शुरू करेगा अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें : हरदीप पुरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने चुनिंदा देशों के साथ एयर बबल के तहत सीमित संख्या में यात्री उड़ानें शुरू करने का फैसला किया है जिसमें अमेरिका के लिए 17 जुलाई से और फ्रांस के लिए 18 जुलाई से सेवायें शुरू हो रही हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज यहां बताया कि अमेरिकी विमान सेवा कंपनी डेल्टा एयरलाइंस 17 जुलाई से 31 जुलाई के बीच दिल्ली से नेवार्क और सैन फ्रांसिस्को के लिए उड़ानों का परिचालन करेगी। नेवार्क के लिए दैनिक उड़ानें होंगी जबकि सैनफ्रांसिस्को के लिए सप्ताह में तीन उड़ानें होंगी। इसी प्रकार एयर फ्रांस के साथ पेरिस से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु की उड़ानों के लिए समझौता हुआ है। एयरलाइन इन भारतीय शहरों से पेरिस के लिए 18 जुलाई से एक अगस्त के बीच 28 उड़ानों का परिचालन करेगी। जर्मनी की विमान सेवा कंपनी लुफ्थांसा के साथ भी बातचीत अग्रिम चरण में है। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से सरकारी विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया के विमान एयर बबल के तहत उड़ान भरेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में निजी एयरलाइंस भी इसमें रुचि दिखायेंगी।



## पाकिस्तान की जेल में बंद कुलभूषण जाधव को मिला दूसरा काउंसुलर एक्सेस

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की जेल में बंद भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव को दूसरा काउंसुलर एक्सेस मिल गया है। काउंसुलर एक्सेस मिलने के बाद ही भारतीय अधिकारी पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय पहुंचे हैं। जासूसी के आरोप में पाकिस्तान की सैन्य अदालत की ओर से मौत की सजा पाने वाले भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव इस समय पाकिस्तान की जेल में बंद है। पाकिस्तान में कैद भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव मामले में भारत सरकार ने पाकिस्तान से कहा है कि वो बिना किसी शर्त कुलभूषण जाधव से मिलने दें।



## तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के 14 पुजारी पाये गये कोरोना से संक्रमित

**हैदराबाद।** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के 14 पुजारी कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार सिंघल ने मंदिर के पुजारियों, स्वास्थ्य और सतर्कता अधिकारियों के साथ बैठक की। आंध्र प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 2593 नए केस, 40 मरीजों की मौत हुई है। आंध्र प्रदेश में संक्रमितों की संख्या 35,000 के पार पहुंच गई। इसके अलावा कोविड-19 से 40 और मरीजों की मौत होने से राज्य में मृतक संख्या बढ़कर 492 हो गयी है।



## हाईकोर्ट ने स्वीकार की पायलट गुट की संशोधित याचिका, सुनवाई के लिये खंडपीठ को भेजी

**जयपुर।** कांग्रेस के बागी नेता सचिन पायलट की याचिका पर सुनवाई करते हुए सभी पक्षों की बहस खत्म होने के बाद राजस्थान हाईकोर्ट ने सचिन पायलट की याचिका स्वीकार करते हुए खंडपीठ को भेज दी है। याचिका पर सुनवाई के दौरान सचिन पायलट की ओर से हरीश साल्वे ने बहस करते हुए कहा कि याचिका में संशोधन स्वीकार किया जा सकता है। हालांकि अभिषेक मनु सिंघवी ने याचिका का विरोध किया था। उन्होंने कहा कि बिना आधार के याचिका को कैसे स्वीकार किया जा सकता है। लेकिन अब हाईकोर्ट ने याचिका को स्वीकार कर खंडपीठ को भेज दी है। इससे पहले सुनवाई के दौरान हरीश साल्वे ने कहा था कि सदन से बाहर की कार्यवाही के लिए विधानसभा अध्यक्ष नोटिस जारी नहीं कर सकते। नोटिस की संवैधानिक वैधता नहीं है। नोटिस को तुरंत रद्द कर इसे असंवैधानिक घोषित किया जाए। दूसरी तरफ कांग्रेस ने सचिन पायलट और उनके समर्थक 18 अन्य विधायकों के खिलाफ आरोप लगाते हुए कहा है कि इन्होंने व्हिप की अवहेलना की थी। इस मामले में कांग्रेस पार्टी के मुख्य सचेतक महेश जोशी के वकील एनके मालू ने कहा कि हमने उनकी अमेंडमेंट याचिका का विरोध किया था, मगर कोर्ट ने स्वीकार कर डिविजनल बेंच को भेज दिया है। समय कोई तय नहीं किया गया है। चीफ जस्टिस तय करेंगे कि कब सुनवाई होगी।



ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है ,उपचुनाव में प्राण प्रण से ज़ुटें : विष्णुदत्त शर्मा



**भोपाल।** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश को 2003 के पूर्व भ्रष्टाचार में डुबोकर मिस्टर बंटाढार ने बर्बाद कर दिया था। आज भी जब उनका नाम आता है, तो जनता की रूह कांप जाती है। बाद में मुख्यमंत्री उमाश्री भारती से लेकर शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकारों प्रदेश को इस दुरावस्था से उबारा। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया है। दुर्भाग्य से 15 महीने पहले विधानसभा चुनाव में छोटी सी गलती के कारण एक उद्योगपति सत्ता की कुर्सी पर बैठ गए। लेकिन इन 15 महीनों में जो हुआ वह प्रदेश के एक-एक जन को चुभ रहा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कर्जमाफी के फर्जी सर्टिफिकेट देकर किसानों के साथ धोखा किया है और इसे लेकर कमलनाथ के ऊपर एफआईआर होना चाहिए। कांग्रेस ने किसान, युवा, महिला, बुजुर्गों, बेटियों सहित सभी वर्गों को छलने का काम किया है। कमलनाथ सिर्फ छिंदवाड़ा के मुख्यमंत्री बनकर रह गए थे और पर्दे के पीछे से दिग्विजय सिंह सरकार चला रहे थे। श्री शर्मा ने कहा कि 100 दिनों में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रदेश की गरीब जनता के कल्याण के लिए काम किए हैं। कांग्रेस सरकार के दौरान किसानों ने गेहूं बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था, क्योंकि उन्हें यह विश्वास नहीं था कि सरकार खरीदेगी या नहीं। लेकिन भाजपा की सरकार ने देश के इतिहास में पहली बार कोरोना संकट में गेहूं खरीदी करते हुए पंजाब को पीछे छोड़ दिया और प्रदेश पहले नंबर पर आ गया। यह संभव हुआ प्रदेश में संवेदनशील सरकार आने के कारण। उन्होंने कहा कि आने वाला चुनाव प्रदेश को बचाने और स्वर्णिम बनाने का चुनाव है, फैसला आपको करना है। भिंड दतिया लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती संध्या राय ने रैली को संबोधित करते हुए कहा की भिंड जिले के गोहद व मेहगांव मंडलों के प्रत्येक बूथ केंद्रों पर भाजपा को जिताने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है सब जगह मैंने कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचकर केंद्र और राज्य सरकार की विकास योजनाओं के साथ-साथ दोनों विधानसभाओं के मतदाताओं से रूबरू होते हुए गोहद के विकास के लिए भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीता कर भाजपा प्रत्याशी को भोपाल पहुंचाएं । प्रदेश के नवनियुक्त राज्य मंत्री ओ पी एस भदोरिया ने पूर्व कमलनाथ की कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मैंने मेहगांव के विकास के लिए ओलावृष्टि किसानों के लिए कई बार उनका ध्यान आकृष्ट कराया और कहा कि आप किसानों के बीच पहुंचे लेकिन उन्होंने मेरी बात को नहीं सुनी और ना ही उन्होंने किसानों के मिलने के लिए समय दिया और किसानों और उनसे झूठ बोलकर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाई । मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनते ही मेहगांव के किसानों के प्रति प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि उनके सीधे खातों में पहुंच गई है और मैं आपसे वादा करता हूं कि मेहगांव के विकास के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं जनता की जन सेवक के रूप में बनकर में कार्य करूंगा और उनका मान सम्मान हमेशा बनाए रखूंगा । भाजपा जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने मनोहर होटल में आयोजित रैली के माध्यम से बताया कि गोहद विधानसभा क्षेत्र के गोहद नगर गोहद ग्रामीण मालनपुर चितौरा मो मंडलों के 2।4 मतदान केंद्रों पर कार्यकर्ता वीडियो कॉन्फ्रेंस फेसबुक और व्हाट्सएप और पार्टी द्वारा भेजी गई लिंक को लोड करते हुए माननीय राष्ट्रीय नेतृत्व को शुरू कर और गोहद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को जिताने का संकल्प लिया है । सभी मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता विधायक निवास मेहगांव पर एकत्रित हुए जहां अपने अपने मोबाइल फेसबुक और वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जोड़कर राष्ट्रीय प्रदेश नेतृत्व का मार्गदर्शन प्राप्त किया जिसमें भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य वरिष्ठ नेता केशव सिंह भदोरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया और वही मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त कोक सिंह नरवरिया जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष केपी सिंह भदोरिया किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री देवेंद्र सिंह नरवरिया महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती ममता भदौरिया मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदोरिया उपाध्यक्ष मुरारी सिंह गुर्जर विशेष रूप से मौजूद थे वही विधानसभा क्षेत्र के सभी 318 मंडलों के पोलिंग बूथ पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें दंदरौआ मंडल से राजवीर सिंह गुर्जर सोनी मंडल में जेल सिंह नरवरिया रोन मंडल अवधेश सिंह बघेल अमायन तेज बहादुर सिंह चौहान गोरमी सुभाष थापक पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया । सभी कार्यकर्ताओं ने मेहगांव विधानसभा क्षेत्र से संकल्प लेते हुए मतदान केंद्र पर प्राण प्रण से भाजपा को जिताने के लिए प्रदेश नेतृत्व नेतृत्व किय।

# उपचुनाव में पूरी ताकत के साथ मतदान केंद्र पर कार्यकर्ता प्राण पर से ज़ुड़कर शिवराज सरकार को मजबूती प्रदान करें : प्रहलाद पटेल



**भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा एवं केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने वर्चुअल रैली के माध्यम से मेहगांव विधानसभा के प्रत्येक बूथ तक के कार्यकर्ताओं को उपचुनाव के लिए किया आव्हान भिंड केंद्रीय मंत्री पहलाद पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता व्यक्ति नहीं विचार के लिए काम करता है । आज उनके परिश्रम और पराकाष्ठा के साथ केंद्र में नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार चल रही है जिनमें संघर्ष करने की क्षमता है यह चुनाव साधारण नहीं हमें चुनौती के रूप में स्वीकार कर मध्यप्रदेश में हो रहे उपचुनाव को दृष्टिकोण रखते हुए भिंड जिले के मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक पोलिंग बूथ से भाजपा को जिताने का संकल्प लेकर मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार को मजबूती प्रदान करें और अपने क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जुड़े । यह उद्गार उन्होंने मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के बहुत शत-शत रैली वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए । केंद्रीय मंत्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने राष्ट्रीय विकास के लिए कश्मीर से धारा 3।0 को समाप्त कर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की अयोध्या में राम मंदिर जो हिंदुओं के आस्था का केंद्र है जिसका निर्माण करने के लिए उन्होंने पहल की मुस्लिम बहनों के लिए तीन तलाक उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन प्रधानमंत्री आवास योजना आयुष्मान भारत योजना नागरिक संशोधन बिल जैसे राक्षस के मुद्दों को लेकर इस देश को मुख्यधारा विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है और ज्योतिरादित्य सिंधिया जी ने उनके द्वारा लिए गए कठोर निर्णय का भी स्वागत किया और कांग्रेस के अनुमानों में दर्द चालू हो गया । उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ दिग्विजय सिंह से जब ज्योतिरादित्य सिंधिया जी ने कहा कि जो आप जनता से वादा करके आए हैं इन्हें पूरा क्यों नहीं कर रहे अगर नहीं करोगे तो हम सड़कों पर उतर जाएंगे तो कमलनाथ ने कहा कि उतर जाइए तो सिंधिया जी अपने 22 विधायकों को साथ लेकर के सड़कों पर उतर गए और शिवराज सिंह जी के नेतृत्व में एक विकासशील सरकार बनाकर जिम्मेदारी प्रदेश के विकास की उनके कंधों पर डाली हम सब कार्यकर्ताओं का बनता है हम पूरी ताकत के साथ भारतीय जनता पार्टी को जीता कर और प्रत्याशी को भोपाल पहुंचाएं और कांग्रेस को हर मतदान केंद्र से सबक सिखा कर एक विकासशील मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के नेतृत्व में सरकार को मजबूती प्रदान करें यही निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पहचान है ।

## नगर पालिका/नगर परिषद वार्डो के आरक्षण की कार्यवाही 25 जुलाई को*

**भिण्ड।** भिण्ड जिले की 6 नगर पालिका/नगर परिषदो के वार्ड आरक्षण की कार्यवाही 25 जुलाई 2020 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत भिण्ड के सभागार में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि जिले की नगर पालिका परिषद गोहद एवं नगर परिषद मौ का आरक्षण 1 जनवरी 2020 के पूर्व वार्डो के विभाजन के आधार पर किया जावेगा तथा नगरीय विकास एवं आवास मंत्रालय भोपाल के आदेश 29 जून 2020 के अनुसार नगर परिषद लहार, दबोह, मिहोना, आलमपुर के आरक्षण की कार्यवाही की जाना है। जिले की उक्त 6 नगर नगरीय निकायों के वार्ड आरक्षण की कार्यवाही 25 जुलाई 2020 को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत भिण्ड के सभागार में आयोजित की जाएगी। आरक्षण की प्रक्रिया के समय जो भी व्यक्ति उपस्थित रहना चाहे वह उपस्थित रह सकते है।

# हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला में सुबह चार बजे तक कोविड 19 के सैम्पल एकत्रित करने वाली टीम रही भूखी प्यासी

**अभिषेक मिश्रा राज्य ब्यूरो प्रमुख हिमाचल प्रदेश**

देश भर में लगे लॉकडाउन के चलते विषम परिस्थितियों में दिन रात अपनी सेवाए दे रहे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को विभाग की तरफ से कोई सुविधाए नही मिल रही है और यह कर्मचारी अपनी जान की परवाह न करते हुए भूखे प्यासे दिन रात अपनी सेवाए दे रहे है ! ऐसा ही एक मामला बुधवार देर रात्री को देखने को मिला ! स्वास्थ्य विभाग मारकंड खंड ने एक टीम का कोविड 19 सैम्पल लेने के लिए गठन किया हुआ है यह टीम लगातार अपना काम कर रही है परन्तु विभाग की तरफ से इनके रहने - खाने - पिने की कोई व्यवस्था नही की गई है जिसके चलते यह टीम भूखे प्यासे लगातार अपना काम कर रही है ! वहीँ जब इस बारे में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से इस बारे में संपर्क किया तो उन्होंने यह कह कर अपना पल्ला झाड दिया कि उन्हें इस बारे में बताया नही गया था ! बिलासपुर के साथ सट्टे बंदला क्षेत्र में बन रहे हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माण में लगे मजदूरो के कोरोना पोजटिव आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कोविड 19 सैम्पल एकत्रित करने वाली टीम लगातार इस क्षेत्र में कार्य कर रही है ! बुधवार को भी यह टीम सैम्पल एकत्रित करने के लिए हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला पहुंची ! दोपहर करीब 12 बजे इस टीम ने यहाँ पर सैम्पल एकत्रित करने का काम शुरू कर दिया और इस टीम ने एक दिन में सर्वाधिक 164 कोविड 19 के सैम्पल एकत्रित कर नया रिकॉर्ड बना दिया ! इस रिकॉर्ड को तोड़ पाना नामुमकिन है ! इससे पूर्व भी एक टीम द्वारा सर्वाधिक कोविड 19 के सैम्पल एकत्रित करने का रिकॉर्ड इसी टीम के नाम था जिसे अब इस टीम ने तोड़ कर न्य रिकॉर्ड बना डाला ! बुधवार को इस टीम को हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला में कोविड 19 के सैम्पल एकत्रित करने के लिए करीब 16 गनते का वक्त लगा और बुधवार दोपहर करीब 12 बजे पहुंची यह टीम गुरूवार सुबह चार बजे सैम्पल लेकर फ्री हुई इसके बाद यह टीम इन सैम्पलो को लेकर जिला मुख्यालय पहुंची जहां पर इन सभी सैम्पलो को जमा करवाया गया और करीब । बजे यह टीम सैम्पल जमा करवा कर फ्री हुई ! गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग या जिला प्रशासन की तरफ से इस टीम के खाने , पिने या रहने की कोई व्यवस्था नही की गई थी ! और लगातार यह टीम भूखी प्यासी अपना काम करती रही ! गुरूवार सुबह करीब सात बजे फ्री होकर इस टीम में तैनात सभी कर्मचारी अपने अपने घरो को गए जहाँ पर नहा धो कर इन्होने खाना खाया ! स्वास्थ्य विभाग की यह टीम दिन रात अपनी सेवाए दे रही है और इस टीम का यदि कार्य देखा जाए तो प्रदेश भर में समय समय पर इस टीम के नाम रिकॉर्ड बन रहे है ! इन रिकॉर्ड पर नजर डाली जाए तो खुद ही अनुमान लग जाता है कि प्रदेशभर में इस टीम का कार्य कैसा है !

> **दिन रात मेहनत करने के बाबजूद विभाग की तरफ से नही मिली कोई सुविधा**

# शिक्षिका द्वारा जाली मेडिकल सर्टिफिकेट लगाकर किया गया वेतन का आहरण

**चिप रिपोटर खेरागढ जितेंद्र सिंह परमार**

जिलाधिकारी व बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिकायत के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई शिकायतकर्ता ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से जानकारी लेनी चाहिए तो बेसिक शिक्षा अधिकारी उल्टे शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी तक दे डाली) रायबरेली जहां एक तरफ योगी सरकार भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए नित नए प्रयास कर रही है वहीं दूसरी तरफ अनामिका शुक्ला जैसे प्रकरण सरकार की छवि धूमिल करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं वही सही रूप से तैनात शिक्षक भी विभाग में भ्रष्टाचार करके अवैध रूप से वेतन ले रहे मामला रायबरेली जिले के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बराडीह विकास क्षेत्र सलोन जनपद रायबरेली की शिक्षिका सरोज कुमारी पुत्री महेंद्र कुमार निवासी शक्तिनगर रायबरेली द्वारा 25 जुलाई 2016 से 5 अगस्त 2016 के बीच का फर्जी जाली मेडिकल सर्टिफिकेट लगाकर अवकाश ग्रहण किया गया है।जाली सर्टिफिकेट की सत्यता डॉक्टर खालिद रिजवान अहमद अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली से अशोक कुमार द्वारा आरटीआई द्वारा पूछा जा चुका है।जिस पर अशोक कुमार द्वारा कई बार शिक्षिका द्वारा वेतन आहरण को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश शर्मा से लिखी शिकायत भी की गई,शिकायत पर बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा एक माह का वेतन रोका गया।लेकिन विभागीय कार्यवाही ना होने के कारण शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायत की गई की, शिक्षिका के खिलाफ 420 का मुकदमा पंजीकृत कराने की लगातार मांग की जा रही है।वहीं दूसरी तरफ शिक्षा विभाग के अधिकारियों के गठजोड़ के कारण कोई कार्यवाही नहीं की गई।उल्टे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश शर्मा से जब शिकायतकर्ता अशोक कुमार ने फोन से वार्ता की तो शिकायतकर्ता को ही शिक्षा अधिकारी द्वारा धमकाया जा रहा है,कि ज्यादा शिकायत करोगे तो तुम्हें जान से भी हाथ धोना पड़ेगा।वही विडंबना है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई अगर आवाज उठाता है तो अधिकारियों द्वारा रिश्वत लेकर उसकी आवाज दबाने की पुरजोर कोशिश की जा जाती है।यह मामला तो एक मात्र बानगी भर है।अगर प्रदेश सरकार मेडिकल की जांच कराई जाए तो सैकड़ों मामले फर्जी पाए जाएंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से लेकर खंड शिक्षा अधिकारी की संलिपतता जाहिर हो सकेगी।आलम तो यह है शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा जिले में चरम सीमा पर है।और शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्यवाही ना होने से अधिकारियों के और शिक्षकों के हौसले बुलंद हो रहे हैं।अगर शक्ति से इन के खिलाफ कार्यवाही हो तो इस तरह के फर्जी मामले प्रकाश में नहीं आएंगे। अब सवाल यह है कि शिकायतकर्ता जान माल की सुरक्षा और शिक्षा विभाग के गठजोड़ पर कौन कार्रवाई करेगा यह एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

# दिनारा पुलिस ने । पेटी देसी प्लेन मदिरा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**दिनारा।** दिनारा थाना प्रभारी रिपुदमन राजावत को बुधवार को मुखबिर की सूचना पर से चन्दावरा रोड सौरव यादव के घर के पास सिद्ध पुरा से रात्रि 10꞉00 बजे आरोपी श्याम बिहारी पुत्र मनोज यादव उम्र 22 साल निवासी चन्दावरा के कब्जे से । पेटी देसी प्लेन मदिरा कीमती ?21000 की अवैध रूप से रखी पाए जाने से आरोपी के कब्जे से शराब जप्त कर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी दिनारा रिपुदमन सिंह राजावत स.उ.नि. संजय भगत स.उ.नि.सोवरन सिंह सिसोदिया आर. 6।8 जीतेंद्र सिंह रावत आर. 68 विजय मीणा आर. ।24 दीपेंद्र गुर्जर आर. 401 रामवीर सिंह आर. 169 दीपक शर्मा आर. ।।। पुष्पेन्द्र सिंह आर. 8।। सेवा राम पाण्डेय आर. 240 पीछे कुमार आर. ।।8 मनीष गोस्वामी की सराहनीय भूमिका रही।

## मुरैना की जनता के बीच हमेशा याद रहैगे आईपीएस डा. असित यादव...

**केशब पडित जी अम्बाह**



मुरैना... जिले की बहत्तर कानून ब्यबस्था और नबाचार के पहचाने जाने बाले एसपी डा. असित यादव जी भोपाल मे कमान संभालेगे ईमानदार मेहनती गम्मीर एसपी मुरैना मे 480 दिन रहै थे और शहर से लेकर गॉव तक उन्हौने अपनी कार्यशैली की छाप छोडी है उम्मीद से पहले ही जाने बाले एसपी डा. असित यादव का कार्यकाल जिले की जनता भूल नही पायेगी ब्यबसायी के बेटे ग्रंथ बाला अपहरण का सीन जिले की जनता भूल नही पायेगी जनता के हदय में बसा हुआ है इससे साफ प्रतीत होता है कि युवा एसपी ने मुरैना जनता के दिलो के बीच राज किया होगा.. मुरैना की जनता की निगाहै सिर्फ उन्ही की राह देख रही है आईपीएस डा. असित यादव जी पहले उमरिया फिर बालाघाट फिर मुरैना में अपनी बेहतरीन कार्य प्रणाली के जरिये न सिर्फ जनता के बीच व पुलिस की भी छबि बनाई और जनता का बिश्बाश पुलिस में बढाया बल्कि अपने महकमे में भी एक उदाहरण बनकर सामने आये अपने लोगो तक उनकी पहुच बहुत ही अच्छी रही और सीधे सरल स्वभाव गम्मीर सहज सरल रहम दिल बाली उनकी पुलिसिंग का अंदाज भी निराला था चाहे पीडित हो या कोई भी फरियादी हर कोई उनके दरबाजे से न्याय पाकर ही लोटता था उन्हौने न सिर्फ जनता का बिश्बाश जीता बल्कि उन्हौने अपने महकमे में भी सभी का दिल जीता है 28 फरबरी 2019 को मुरैना की जिम्मैदारी सम्भालने के बाद 2011 बैच के अधिकारी है नौकरी में आना जाना तो होता ही है परन्तु मुरैना में उनकी एसपी गीरी बहुत बहुत सफल रही हम मुरैना ग्रामबासी उनको तहदिल से जयहिन्द सर बोलते है और सदा ही उनके उज्जबल भबिष्य की कामना करते है...

## महुआ थाना प्रभारी की ताबड्तोड कारबाइयॉ डेढ लाख रू. की लूट करने बाले लुटेरो को दबोचा...



अम्बाह... आईपीएस अनुराग सुजानियॉ व हंसराज सिह के निर्देशन में व अम्बाह एसडीओपी अबनीश बंसल के मार्ग दर्शन मे धरपकड अभियान के तहत महुआ थाना प्रभारी ने पारथ सिह परिहार ने अपराध क्र. 29/20 धारा 392 ताहि 11/13 एमपीडीपीके एक्ट आरोपीगणो को सिरसागढ जिला फिरोजाबाद उ.प्र. महुआ पुलिस ने गिरप्तार किया है जब उनसे पूछताछ की गई तो दि. 13/03/20 को उसैथ पुलिया के पास हुई लूट को स्बीकारा गया उक्त आरोपियो के कब्जे से घटना में लूटे गये गहने एक लर मंगलसूत्र कानो के झाले व चार अगूठी सभी गहने कीमती लगभग डेढलाख रूपये घटना प्रयुक्त मोटर साइकिल व 315 बोर कट्टा व जिन्दा राउन्ड जप्त किये गये है इन लुटेरो की धर पकड मे सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी पारथ सिह परिहार, इृह्यद्व राजेन्द्र बिमल, आरक्षक देबेन्द्र, कप्तान, जितेन्द्र ,सियाराम, प्रमोद, कोशलेन्द्र, चन्द्रशेखर, ॠतुराज, की रही...

## एनकाउंटर में मारे गए नामी गैंगस्टर विकास दुबे पर फिल्म



**आगरा।** आपको बता दें बॉलीवुड फिल्म के जाने मैने प्रोड्यूसर तिग्मांशु धूलिया ओर संदीप कपूर जो कि अपने आप में बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक बहुत बड़ा नाम है अब उनके बीच एक नाम और जुड़ गया है जो कि इस दौड़ में शामिल हैं। जिनका नाम अजय सिंह राजपूत है जो उत्तर प्रदेश के हाल हीञ्च में एनकाउंटर में मारे गए नामी गैंगस्टर विकास दुबे पर फिल्म बना रहे है जिस तरह अजय सिंह राजपूत ने सबसे पहले विकास दुबे पर फिल्म बनाने का मन बना लिया था जिसको लेकर अजय सिंह राजपूत ने कानपुर में अपने रायटरो को भेजकर विकास दुबे से जुड़ी हर खबर और उसकी जिंदगी का हर एक पहलू समझने के लिए अपनी स्क्रिप्ट तैयार कर ली है अब सिर्फ फिल्म को दर्शा ना बाकी है और वही दूसरी ओर प्रोड्यूसर तिग्मांशु धूलिया और संदीप कपूर भी विकास दुबे पर ञ्चफिल्म बनाने की होड़ में लगे हुए है। अब इस जद्दोजहद के बीच यह देखना बाकी है कि कौन सबसे पहले विकास दुबे के किरदार के ऊपर फिल्म तैयार करता है और किसका नाम बॉलीवुड में इस फिल्म को लेकर चमकेगा। जिस तरह अजय सिंह राजपूत ने फिल्म की पूरी स्क्रिप्ट तैयार कर ली है इससे तो यही लगता है कि अजय सिंह राजपूत ही इस दौड़ में सबसे आगे निकल जाएंगे अब बाकी के प्रोड्यूसर क्या होगा तो ये तो वक्त ही बताएगा।

# मध्य प्रदेश सरकार मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया 18 को भिंड आएंगे

## भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ऐतिहासिक स्वागत की तैयारियां प्रारंभ



**भिंड ।** मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मंत्रिमंडल में अटेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं नवनियुक्त सहकारिता कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया अपने निर्धारित कार्यक्रम के एक दिवसीय प्रवास के तहत अपने गृह जिले भिंड में 18 जुलाई को प्रथम नगर आगमन पर आ रहे हैं । उनके कार्यक्रम को देखते हुए भाजपा नेताओं ने ऐतिहासिक स्वागत की तैयारियां प्रारंभ कर दी है । भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में पार्टी जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने बताया कि डॉ अरविंद सिंह भदोरिया अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत भिंड जिले में प्रथम नगर आगमन पर आ रहे हैं । वे भोपाल से ग्वालियर आएंगे ग्वालियर से अपने काफिले के साथ भिंड की सीमा गोहद विधानसभा क्षेत्र के मालनपुर में प्रवेश करेंगे जहां पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत होगा । गोहद चौराहे गोरमी मुरैना चौराहे एवं ग्वालियर भिंड तिराहे पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी अगुवानी और भव्य स्वागत किया जाएगा । सभी मंडल अध्यक्ष एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता गण डॉक्टर भदोरिया के भव्य स्वागत की तैयारियां प्रारंभ करें । पार्टी जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं एवं मंडल अध्यक्षों से आग्रह किया है कि वह समस्त कार्यकर्ता अपने-अपने निर्धारित स्थानों पर से प्रदेश के नवनियुक्त सहकारिता मंत्री के आगमन पर स्वागत की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए कार्यकर्ताओं को सूचित करें । भाजपा पीपरी मंडल के अध्यक्ष रायसिंह नरवरिया ने डॉक्टर भदोरिया के प्रथम नगर आगमन पर मंडल द्वारा स्वागत की तैयारियों को लेकर बताया कि डॉक्टर भदोरिया बरोही चिमन सिंह भदोरिया डोंगर पुरा महापौर शिवपाल सिंह । नायब चौराहे पर ग्राम पंचायत के सरपंच शुगर सिंह नरवरिया सूर्या होटल सैमर पूरा मुंह पर ग्राम पंचायत बरौली पूर्व सरपंच बृजेश सिंह भदोरिया अनिल शर्मा पिरोड़ा सत्यनारायण शर्मा लावन ग्राम पंचायत सरपंच लालजी सिंह नरवरिया महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती सुशीला नरवरिया भाजयुमो के युवा नेता सनोज नरवरिया पुर रिशु सिंह भदोरिया स्वागत करेंगे और कई जगह उनका तुलादान भी किया जाएगा । भिंड शहर की सीमा में प्रवेश होते ही त्रिमूर्ति धर्म कांटे बस स्टैंड पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंत्री रक्षपाल सिंह राजावत किसान मोर्चा के जिला महामंत्री धर्मेंद्र सिंह राजावत अपनी टीम के साथ उनकी अगवानी करते हुए स्वागत करेंगे । पार्टी जिला अध्यक्ष गुर्जर ने बताया की फूफ अटेर सुरपुरा के समस्त कार्यकर्ता भिंड पहुंचेंगे और उनका स्वागत करेंगे । भूमंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र पालीवाल सुरपुरा मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह भदोरिया अटेर मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह तोमर ने समस्त कार्यकर्ताओं को स्वागत के लिए भिंड पहुंचने का आह्वान किया ।

# ग्राम दहगंवा में दबंग जाटव परिवार द्वारा एक सवर्ण परिवार किया जा रहा है शोषण एवं स्वर्ण पर लगाया बेबुनियाद झूठे अपराध



श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना टीम आगरा आज ग्राम दहगवां मैं हुई मारपीट का पूरा ब्यौरा जाना जिसमें एक दबंग जाटव परिवार जो कि 20 बीघा जमीन का मालिक है लगभग दो-तीन बीघा बाले गरीब सवर्ण परिवार के बीच खेत एवं खेत में निकले हुए रास्ते पर हुई लड़ाई एवं मारपीट परिवार की एक बुजुर्ग छिद्धाराम जी के सर पर गहरी चोट आने से दोनों पक्षों में मारपीट मामला बताया गया जिसमें कुछ राजनीतिक नेता एवं भीम आर्मी संगठन मारपीट मामले को दे रहे हैं राजनीतिक तूल एवं स्वर्ण समाज के लोगों पर फर्जी तरीके से एससी/एसटी एक्ट के तहत किया जा रहा झूठा मुकदमा दर्ज लेकिन गांव के अन्य लोगों से प्रकरण की जानकारी श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना द्वारा ली गई उन्होंने मामला सिर्फ मारपीट का ही बताया जिसमें पूर्णतय गलती दबंग जाट परिवार की है दबंग जाट परिवार ने पूर्व मैं भी क्षत्रिय समाज के कई परिवारों का शोषण कर चुका है जिसका साक्ष्य पूरा गांव है *उक्त प्रकरण की श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना कड़ी निंदा करती है एवं जाटव परिवार द्वारा क्षत्रिय परिवारको बेबुनियाद प्रताड़ित करने पर शासन प्रशासन से निष्पक्ष जांच करने की अपील करती है अन्यथा श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होगी।।* श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक सिंह सिकरवार, अथवा विधानसभा अध्यक्ष खेरागढ़ के ॠषि प्रताप सिंह परमार एवं संगठन मंत्री पंकज ठाकुर, सचिन परमार, प्रवीण चौहान, धर्मेंद्र परमार, गजेंद्र राजपूत, हेमंत जादौन मुनेंद्र परमार एवं समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आबंटित नर्मदा जल का 2024 तक पूरा उपयोग करने के लिए रोडमैप बनाएं

## मुख्यमंत्री श्री चौहान की अध्यक्षता में नर्मदा कंट्रोल बोर्ड एवं नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट कंपनी की बैठक संपन्न

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि एन.डब्ल्यू.डी.टी अवार्ड के अनुसार मध्यप्रदेश को आवंटित पूरे नर्मदा जल का 2024 तक पूर्ण उपयोग करने के लिए रोडमैप बनाकर कार्रवाई करें। अवार्ड अनुसार मध्यप्रदेश को नर्मदा नदी का 18.25 एम.ए.एफ. पानी आंवटित किया गया है, जिसका वर्ष 2024 तक इस्तेमाल किया जाना है। नर्मदा नदी पर बनाई गई सभी परियोजनाओं को समय सीमा में पूर्ण कराया जाए। कार्यों की गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय में नर्मदा कंट्रोल बोर्ड एवं नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल, वन मंत्री कुंवर विजय शाह, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर, नर्मदा घाटी विकास राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव श्री आई.सी.पी. केशरी, अपर मुख्य सचिव श्री मनोज गोविल, प्रमुख सचिव श्री अजीत केसरी आदि उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव श्री



आई.सी.पी. केशरी ने बतायाकि एन.डब्ल्यू.डी.टी. अवार्ड के अंतर्गत मध्यप्रदेश को आवंटित 18.25 एम.ए.एफ नर्मदा जल में से 13.14 एम.ए.एफ नर्मदा जल के उपयोग के लिए तीन योजनाएँ अपर नर्मदा परियोजना, नर्मदा क्षिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना एवं बदनावर माइक्रो सिंचाई परियोजना बनाई गई है तथा उनके क्रियान्वयन के लिए नाबार्ड से 4 हजार करोड़ का ऋण शीघ्र प्राप्त करने की कार्रवाई की जा रही है। बैठक में तदनुसार आवश्यक स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नर्मदा नदी पर आधारित विभिन्न निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सांवेर उद्ववहन सिंचाई परियोजना, उज्जैनी-देवास पाइप लाइन, अलीराजपुर उद्वहन सिंचाई परियोजना, ग्रुप माइक्रो इरीगेशन स्कीम, मालवा-गंभीर परियोजना, बरगी व्यपवर्तन परियोजना आदि की प्रगति की समीक्षा के दौरान आवश्यकता अनुसार समय वृद्धि किए जाने, कार्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए। इंदिरा सागर नहर कार्य के बारे में बताया गया कि यह वर्ष 2008 की योजना है तथा इसे 6 बार समयवृद्धि दी गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कार्य का भौतिक सत्यापन कर यह देखने के निर्देश दिए कि आगे कार्य कराना उपयोगी है कि नहीं। तदनुसार कार्रवाई की जाए।

# खराब और जले ट्रांसफार्मर तत्काल बदलें : ऊर्जा मंत्री तोमर

### एक दुकान पर अचानक पहुंचकर ली विद्युत प्रदाय एवं कटौती की जानकारी



**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत मण्डल के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि खराब एवं जले ट्रांसफार्मर तथाविद्युत मीटर बदलने में विलंब नहीं हो तथा नागरिकों को निर्बाध विद्युत प्रदाय सुनिश्चित किया जाए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर भोपाल से ग्वालियर जाते समय विद्युत विभाग के गुना भण्डारगृह का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से खुले में रखे ट्रांसफार्मर्स एवं मीटर्स की स्थिति जानी। उन्होंने निर्देशित किया कि खराब विद्युत मीटर एवं ट्रासफार्मर शीघ्र दुरूस्त कराए जाएं तथा मीटर टेस्टिंग के कार्य समय-सीमा में सुनिश्चित करें। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने एक फोटो कॉपी की दुकान में अचानक पहुँचकर दुकानदार एवं दुकान में मौजूद अन्य व्यक्तियों से भी विद्युत प्रदाय व्यवस्था की जानकारी ली।

# वित्त मंत्री देवड़ा पहुँचे भगवान पशुपतिनाथ के द्वार

**भोपाल।** वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने मंदसौर में आज भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन किये। उन्होंने भगवान पशुपतिनाथ से प्रदेश को कोरोना संकट से रक्षा प्रदान करने और सुख-समृद्धि की कामना की। वित्त मंत्री ने सर्किट हाऊस में स्थानीय जन-प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से मुलाकात भी की। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि कोरोना नियंत्रण के लिये जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन हर हालत में किया जाये। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मनोज पुष्प, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री राम कोटवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।



## सूखी सेवनिया में हुआ पौध-रोपण



**भोपाल ।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के 400 के.व्ही. उप केन्द्र सूखी सेवनियां परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कटहल एवं जामुन के पौधे लगाये। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी यहाँ लगभग 150 पौधे लगाये गये थे, जिनमें से अधिकांश जीवित हैं। लगातार तीन वर्ष से पौध-रोपण किया जा रहा है। पौधों को पर्याप्त पानी मिलता रहे इसके लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य भी किया गया है। परिसर में गत वर्ष आम, अमरूद, कबीट, बेल, जामुन, सतपर्णी, महुआ, आंवला, मुनगा, नीम, कदम, सकोमा, गूलर, पाकर, हर्रा, वहेरा, भिल्मा, सिंदूरी, पुत्रजीवक आदि पौधों का रोपण किया जा चुका है।

# खनिज साधन, श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया



**भोपाल।** खनिज साधन एवं श्रम विभाग मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने मंत्रालय में गुरूवार को धार्मिक विधि-विधान से कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर श्रम विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, सचिव खनिज साधन एवं प्रबंध संचालक श्री सुखवीर सिंह, अधिकारीगण एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। मंत्री श्री सिंह को सभी लोगों ने बधाई एवं शुभकामनायें दी।

## गौशाला के माध्यम से गौवंश का हो सकेगा संरक्षण

**भोपाल ।** आदिम-जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह ने कहा है कि प्रदेश में बनाई जा रहीं गौशालाओं के माध्यम से गौवंश का संरक्षण किया जा सकेगा। मंत्री सुश्री मीना सिंह गुरुवार को उमरिया जिले के पाली जनपद पंचायत में ग्राम कुमुर्द में नव-निर्मित गौशाला के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रही थीं। आदिम-जाति कल्याण मंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौवंश को पूज्यनीय माना गया है। गौवंश पर हमारी कृषि व्यवस्था आधारित है। गौवंश से दूध की प्राप्ति होती है, जो मानव जीवन के लिये अमृत के समान है। उन्होंने कहा कि गौशाला के माध्यम से उन पशुओं को संरक्षण दिया जा सकेगा, जो अक्सर दुर्घटना का कारण बनते हैं।

# कैदियों का पैरोल पीरियड बढ़ाने के लिए प्रस्ताव भेजेंगे: मंत्री डॉ. मिश्रा

## जेल मंत्री डॉ. मिश्रा ने केंद्रीय जेल भोपाल का किया औचक निरीक्षण

**भोपाल।** गृह, जेल, विधि-विधायी और संसदीय कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने केंद्रीय जेल भोपाल का औचक निरीक्षण कर बंदियों के लिए किए गए प्रबंधो का अवलोकन किया। उन्होंने जेल की भोजन शाला और अति संवेदनशील %अंडा सेल% का भी निरीक्षण किया। मंत्री डा. मिश्रा ने कहा कि कोरोना संक्रमण काल को दृष्टिगत रखते पैरोल अवधि को 60 दिन और बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया हैं। इसके लिए विभाग %उच्च प्राधिकार समिति% को प्रस्ताव भेजेगा। समिति की अनुशंसा प्राप्त होते ही पैरोल अवधि में वृद्धि सम्बंधित आदेश जारी किए जाएंगे। पैरोल पर रिहा किये गए बंदियों की पैरोल अवधि 31 जुलाई को खत्म हो रही हैं। मंत्री डॉ. मिश्रा ने बताया कि कोरोना के इस संक्रमण काल में जेलों में बंद कैदियों को अपने परिजनों से बात करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग



की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे कैदी और उनके परिजन एक दूसरे को देख कर संवाद कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि अभी भी जेलों में कैदियों को अपने परिजनों से टेलिफोनिक बात करने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मंत्री डॉ. मिश्रा ने केंद्रीय जेल की भोजनशाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कैदियों के लिए बनाए जा रहे खाने को चख कर भी देखा। डॉ. मिश्रा ने खाने की गुणवत्ता पर संतोष जताया साथ ही निर्णय लिया कि वर्तमान कोरोना संक्रमण काल में कैदियों के इम्यूनिटी सिस्टम को सशक्त बनाने के लिए खाने के साथ सलाद अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने जेल महानिदेशक श्री संजय चौधरी को निर्देशित किया कि प्रदेश की सभी जेलों में कैदियों को खाने के साथ में सलाद अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। मंत्री डॉ. मिश्रा ने जेल निरीक्षण के बाद कहा कि कोरोना संक्रमण काल के मद्देनजर प्रदेश की भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और सागर केंद्रीय जेलों में कोरोना वार्ड बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कैदियों के उपचार के लिए आवश्यक चिकित्सकों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी मंत्री डॉ. मिश्रा ने केंद्रीय जेल में अति संवेदनशील सेल अंडा का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वर्तमान में मौजूद व्यवस्थाओं पर संतोष जताया साथ ही कहा कि व्यवस्थाओं को और अधिक पुख्ता करने के लिए आवश्यक विचार-विमर्श कर निर्णय लिए जाएंगे। मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि कैदियों को जेलों में बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध भी किये जाएंगे। मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि जेलों में महिला बंदियों के लिए चूड़ी और बिंदी की व्यवस्था कराई जाएगी। निरीक्षण के दौरान जेल महानिदेशक श्री संजय चौधरी और केंद्रीय जेल अधीक्षक श्री दिनेश नरगावे भी मौजूद थे।

संपादकीए

# रिश्वतखोरी पर लगाम

रिश्वतखोरी को लेकर भारत की इमेज सुधरती नजर आ रही है। एक ताजा सर्वे के मुताबिक भारत में रिश्वत की घटनाओं में पिछले साल के मुकाबले 10 प्रतिशत की गिरावट आई है। इंडिया करप्शन सर्वे 2019 के मुताबिक, 20 राज्यों में यह सर्वेक्षण कराया गया, जिससे यह नतीजे सामने आए हैं। इस सर्वेक्षण में करीब दो लाख लोगों को शामिल किया गया। 20 राज्यों के 248 जिलों में सर्वेक्षण कराए जाने से पता चला कि पिछले 12 माह में 51 फीसदी भारतीयों को किसी न किसी वजह से रिश्वत देनी पड़ी है। यह सर्वेक्षण गैर-राजनीतिक, स्वतंत्र व गैर-सरकारी संगठन ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया ने कराई है। सर्वे के मुताबिक, दिल्ली, हरियाणा, गुजरात, पश्चिम बंगाल, केरला, गोवा और ओडिशा में भ्रष्टाचार के मामले सबसे कम पाए गए, जबकि राजस्थान, बिहार, यूपी, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, झारखंड व पंजाब में सबसे अधिक मामले सामने आए। भारत ने भ्रष्टाचार अनुमान की सूची में पिछले साल के मुताबिक तीन रैंक का सुधार किया है। अब यह 180 देशों की सूची में 78वें स्थान पर है। सर्वे में बताया गया है कि पैसा रिश्वत का मुख्य माध्यम है। सर्वे में शामिल 35 प्रतिशत लोगों ने बताया कि पिछले 12 महीने में उन्होंने अपना काम कराने के लिए रिश्वत दी और 16 प्रतिशत ने कहा कि उन्होंने बिना रिश्वत दिए अपना काम कराया। सीसीटीवी कैमरा मौजूद होने के बाद भी सरकारी दफ्तरों में रिश्वतखोरी जारी है। संपत्ति के पंजीयन व जमीन संबंधी मामले में रिश्वतखोरी सबसे ज्यादा सामने आई। सिर्फ 12 प्रतिशत लोगों ने माना कि पिछले एक साल में इन मामलों में रिश्वतखोरी की घटना कम हुई है। सर्वे में यह भी पता चला है कि ज्यादातर सरकारें रिश्वत पर लगाम लगाने में उपयुक्त कदम उठाने में नाकाम रही हैं। रिश्वत पर लगाम लगाने में सरकार की कोशिशों को पूरे नंबर देने जरूरी हैं। भ्रष्टाचार खत्म करने केंद्र सरकार ने जिस तरह उच्च पदों पर बैठे अफसरों पर कार्रवाई शुरू की है, उसका असर नीचे तक दिखने लगा है। हाल ही में सरकार ने भ्रष्टाचार और अवैध गतिविधियों में संलिप्त अधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाने के अभियान के पांचवें चरण में आयकर विभाग के 21 और अधिकारियों को समय से पहले सेवानिवृत्ति कर दिया। इस साल जून के बाद से यह पांचवां मौका है, जब सरकार ने भ्रष्ट टैक्स अधिकारियों को नौकरी से निकाला है। अब तक 85 अधिकारियों को बाहर किया जा चुका है, इनमें 64 उच्चस्तर के अधिकारी थे। इन उच्चस्तरीय अधिकारियों में 12 सीबीडीटी के थे। इससे पहले सितंबर में सरकार ने 15 अधिकारियों को अनिवार्य सेवानिवृति दे दी थी। इस बार जिन अधिकारियों को निकाला गया है उनमें सीबीडीटी के मुंबई कार्यालय के तीन और ठाणे के दो अधिकारी शामिल हैं। अन्य अधिकारी विशाखापत्तनम, हैदराबाद, राजमुंदरी, हजारीबाग, नागपुर , राजकोट , जोधपुर , माधोपुर तथा बीकानेर और इंदौर एवं भोपाल में तैनात थे। यह कार्रवाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाल किले से दिए गए भाषण के अनुरूप है। प्रधानमंत्री ने लालकिले से अपने संबोधन में कहा था कि टैक्स विभाग में कुछ ऐसे लोग हो सकते हैं जो अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल करते हैं और करदाताओं को बेवजह परेशान करते हैं। जिन अधिकारियों को जबरन सेवानिवृत्ति दी गई है, उनमें आधे से ज्यादा अधिकारियों को सीबीआई ने कथित तौर पर रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। इनमें से एक अधिकारी को 50 हजार रुपए की घूस लेते पकड़ा गया था। रिश्वतखोरी बहुत ही बड़ी समस्या है जो लोकतांत्रिक शासन प्रणाली को लागू करने में अड़चन पैदा कर रही है। तेज-तर्रार लोग रिश्वत देकर अपना काम निकलवाने में सफल हो जाते हैं। गरीब लोगों के काम लटकते रहते हैं व अपना काम करवाने के लिए सरकारी कार्यालयों में परेशान होते रहते हैं। दुनिया भर के सर्वेक्षण में रिश्वतखोरी में भारत का नाम चोटी पर रहा है। रिश्वत की वजह से अधिकारी कोई न कोई तरीका निकालकर गैर-कानूनी काम करवाने में माहिर बने हुए हैं। एक क्लर्क से लेकर उच्च पदाधिकारी व राजनीतिक नेता रिश्वत के मामलों में फंसे हुए हैं। नए कानून से रिश्वतखोरी पर कुछ हद तक रोक लगेगी। प्रतिदिन ही पटवारी, जूनीयर इंजीनियर, पुलिस अधिकारी रिश्वत लेने के मामलों में गिरफ्तार किए जा रहे हैं। महिला पुलिस अधिकारी भी रिश्वतखोरी की चर्चा में आ रही हैं। रिश्वतखोरी का ही परिणाम है कि एक-दो दिनों में होने वाला काम 6 महीनों तक लटक जाता है। निश्चित रूप से यह कार्रवाई प्रशासन में बैठे लोगों तक एक संदेश है। यही वजह है कि भारत में रिश्वत लेने के मामलों में कमी आई है। उम्मीद है कि सरकार भ्रष्ट अफसरों पर कार्रवाई का हंटर चलाना जारी रखेगी और सुधार की किरणें दिखती रहेंगी। रिश्वतखोरी का यह धंधा जहां सरकारी सेवाएं ठप कर रहा है वहीं निजी कंपनियों ने रिश्वत देकर मोटा पैसा कमाया है।

# इंटरनेट की लत में लिप्त होते मासूम

**वृद्धावन कुमार**

क्या आपका भी बच्चा दिनभर स्मार्टफोन और दूसरे गैजट्स पर बिताता है? क्या इंटरनेट यूज के लिए मना करने पर चिड़चिड़ापन दिखाता है? अगर इन सवालों का जवाब हां है तो आपके बच्चे को भी इंटरनेट की लत लग चुकी है। इसे दूर करने के लिए क्या कर सकते हैं, यहां जानें। पहले जहां पैरंट्स बच्चों और किशोरों को नशे की लत से बचाने के लिए परेशान रहते थे वहीं आज के दौर के पैरंट्स अपने बच्चों को इंटरनेट की लत से बचाने की कोशिश में लगे रहते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि आजकल इंटरनेट का नशा इस कदर बच्चों के सिर पर चढ़ रहा है कि बड़ी संख्या में बच्चों का इलाज और काउंसलिंग तक करवानी पड़ रही है। एक सर्वे के मुताबिक, देश में 8 से 12 साल तक के बच्चे हर दिन औसतन 4 घंटे 40 मिनट तक इंटरनेट पर बिता रहे हैं। किशोरों में तो यह लत और भी ज्यादा चिंताजनक है। किशोर प्रतिदिन 7 घंटे 22 मिनट तक इंटरनेट पर बिता रहे हैं। सर्वे के मुताबिक, इसमें स्कूल या होमवर्क के लिए इंटरनेट पर बिताया गया समय नहीं शामिल है। इस कारण बच्चे मानसिक रोग का शिकार भी हो रहे हैं। इंटरनेट का इस्तेमाल करने के मामले में मेट्रो शहर के बच्चे काफी आगे हैं। टेक्नॉलजी को लेकर बच्चों की आदतों को ट्रैक करने वाली गैर सरकारी संस्था कॉमन सेंस मीडिया के सर्वे में सामने आया है कि अधिकांश बच्चे टीवी, स्मार्टफोन और अन्य गैजेट्स से चिपके रहते हैं। विडियो देखने के लिए बच्चे प्रतिदिन कम से कम 1 घंटे यूट्यूब का इस्तेमाल करते हैं। नैशनल ट्रस्ट सर्वे के अनुसार, 83 प्रतिशत माता-पिता का मानना है कि उनके बच्चे टेक्नॉलजी का इस्तेमाल करना सीखें, लेकिन उसके आदी न बनें। हालांकि 10 में से 9 माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे इंटरनेट पर समय बिताने की बजाय लोगों से मिले-जुलें और खेलकूद पर जोर दें। बच्चों की देखरेख और उनके साथ समय बिताकर इस लत को छुड़ाया जा सकता है। यदि यह मानसिक बीमारी का रूप ले तो डॉक्टर से उचित परामर्श जरूरी है। उनको अन्य गतिविधियों में शामिल कर भी इससे बचाया जा सकता है। बच्चों को आउटडोर ऐक्टिविटी में शामिल होना चाहिए। इसके अलावा, माता-पिता को खुद बच्चों के सामने मोबाइल से दूरी बनाए रखनी चाहिए, क्योंकि बच्चे आखिरकार माता-पिता से ही सीखते हैं। बच्चों में इंटरनेट की लत छुड़ाने में माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों का रोल काफी अहम है। माता-पिता बच्चों को धार्मिक कहानियों के साथ पुराने किस्से सुनाकर उनका ध्यान मोबाइल से दूसरी तरफ कर सकते हैं। परिवार के सदस्य उन्हें ऐसी कहानियां सुनाएं, जो न केवल बच्चों को प्रोत्साहित करें, बल्कि रिश्ते में भी मजबूती लाएं। बच्चों में क्रिएटिविटी बढ़ाने के लिए गाने, नृत्य और आर्ट जैसे शौक को प्रोत्साहित करें। ये बच्चों को भावनात्मक रूप से विकसित करने का सबसे सशक्त माध्यम बन सकते हैं। इससे बच्चों में कल्पनाशीलता और रचनात्मकता बढ़ती है। मोबाइल से दूर रखने में आउटिंग काफी मददगार साबित हो सकती है। बच्चों को ट्रेकिंग, लंबी पैदल यात्रा, नए खेल और अन्य गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। घर से दूर कैंप में जाने से बच्चों के दिमाग और शरीर पर सकारात्मक असर पड़ता है। बच्चों में खेलों का काफी प्रभाव पड़ता है। उन्हें फुटबॉल, क्रिकेट, बॉस्केटबॉल, साइकलिंग जैसे खेलों के लिए उत्साहित करना चाहिए। बच्चों और किशोरों का दिमाग काफी कोमल होता है। उनमें अच्छी या बुरी आदतें काफी तेजी से अपनाने की क्षमता होती है, इसलिए परिजन को समय-समय पर बच्चों को आर्ट ऐंड क्राफ्ट के लिए उत्साहित करना चाहिए। इससे बच्चे लीक से हटकर कुछ रचनात्मक करने की कोशिश करते हैं। इससे उनका एक नया दृष्टिकोण विकसित होता है। क्या आप भी उन लोगों में से हैं जो बेवजह अपना फोन स्क्रॉल करते रहते हैं या फिर किसी से बात करते वक्त भी फोन की तरफ ही देखते रहते हैं? क्या आप 2 मिनट के लिए भी अपने स्मार्टफोन से दूर नहीं रह पाते? क्या आप भी हर थोड़ी थोड़ी देर में अपने स्मार्टफोन पर फेसबुक, वॉट्सऐप और इंस्टाग्राम चेक करते रहते हैं? अगर इन सभी सवालों का जवाब हां है तो आपको भी दुनियाभर के लाखों लोगों की तरह स्मार्टफोन की लत लग चुकी है। लेकिन परेशान होने की जरूरत नहीं, हम आपको बता रहे हैं इस अडिक्शन से छुटकारा पाने का तरीका... एम्स की एक स्टडी में 14 प्रतिशत लोग मोबाइल अडिक्शन के शिकार पाए गए, जिन्हें इलाज की जरूरत महसूस की गई। ये 14 प्रतिशत ऐसे लोग हैं, जो मोबाइल अडिक्शन साबित करने वाले 3 से 6 लक्षण खुद कबूल कर रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार अगर किसी में अडिक्शन के 3 लक्षण पाए जाते हैं तो उन्हें मोबाइल का अडिक्ट माना जाता है और सबसे ताज्जुब की बात यह है कि 19 प्रतिशत लोग चाहकर भी स्मार्टफोन की लत को छोड़ नहीं पा रहे हैं। एम्स की इस स्टडी में 24.8 प्रतिशत लोगों ने माना कि मोबाइल के बिना उन्हें खालीपन महसूस होता है। इसके बाद 21.4 प्रतिशत लोगों ने मोबाइल के यूज को जुनून करार दिया। 19.4 प्रतिशत ने माना कि वे मोबाइल की लत को छोड़ना चाहते हैं लेकिन इससे बाहर नहीं निकल पा रहे। यही नहीं 19.7 प्रतिशत ने इस सवाल पर सहमति जताई कि लत इतनी हो गई है कि दूसरी चीजों से मोह भंग हो गया है। यही नहीं 13 पर्सेंट ने यह भी माना कि वे मोबाइल की वजह से आपसी संबंध को इग्नोर करने लगे हैं। आखिर क्यों हम बेवजह फोन स्क्रॉल करते रहते हैं? तो इसका जवाब ये है कि पहले जब स्मार्टफोन और इंटरनेट नहीं था तब लोग खुद को और अपने ब्रेन को इंगेज रखने के लिए आउटडोर गेम्स खेलते थे, गॉसिपिंग करते थे, रीडिंग, राइटिंग, कलरिंग, सिंगिंग, डांसिंग, गार्डनिंग जैसी हॉबीज को टाइम देते थे जिससे हमारा ब्रेन हर वक्त इंगेज रहता था। लेकिन अब स्मार्टफोन के दौर में बेवजह फोन स्क्रॉल करने की बुरी आदत लोगों को लग चुकी है। ऐसे में कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखकर आप इस बुरी आदत से छुटकारा पा सकते हैं। सबसे पहले खुद पर संयम बनाये रखें, खुद को गैजेट्स से जुड़ी गतिविधियों से दूर रखने की कोशिश करें।- फोन से दूर रहने के लिए प्लानिंग करें। परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं। - जरूरी होने पर ही अपने फोन का इस्तेमाल करें। दिनभर ऑनलाइन रहने की बजाय सिर्फ काम के वक्त ही ऑनलाइन रहें। - खुद को रिलैक्स रखने के लिए वॉक पर जाएं। ऐसे कामों में अपना मन लगाएं, जिसमें आपको खुशी मिलती हो। इन 2 बातों से करें शुरुआत सबसे पहले फोन को खुद से दूर रखें और दूसरा फोन चेक करने का शेड्यूल बनाएं।- स्मार्टफोन को हर वक्त आंखों के सामने रखने की बजाए खुद से दूर दूसरे कमरे में, बैग में या ड्रॉअर में रख दें ताकि वह आपको नजर न आए। ऐसे में जब फोन आपके सामने नहीं होगा तो इस बात की संभावना अधिक होगी कि आप उसे बेवजह स्क्रॉल नहीं करेंगे।- फोन पर सोशल मीडिया या दूसरी चीजें चेक करने का एक शेड्यूल बनाएं और अगर आप लिमिटेड टाइम से ज्यादा फोन यूज नहीं करते हैं तो खुद को इसके लिए रिवॉर्ड भी दें। एम्स की इस स्टडी में 24.8 प्रतिशत लोगों ने माना कि मोबाइल के बिना उन्हें खालीपन महसूस होता है। इसके बाद 21.4 प्रतिशत लोगों ने मोबाइल के यूज को जुनून करार दिया। 19.4 प्रतिशत ने माना कि वे मोबाइल की लत को छोड़ना चाहते हैं लेकिन इससे बाहर नहीं निकल पा रहे। यही नहीं 19.7 प्रतिशत ने इस सवाल पर सहमति जताई कि लत इतनी हो गई है कि दूसरी चीजों से मोह भंग हो गया है। यही नहीं 13 पर्सेंट ने यह भी माना कि वे मोबाइल की वजह से आपसी संबंध को इग्नोर करने लगे हैं। आखिर क्यों हम बेवजह फोन स्क्रॉल करते रहते हैं? तो इसका जवाब ये है कि पहले जब स्मार्टफोन और इंटरनेट नहीं था तब लोग खुद को और अपने ब्रेन को इंगेज रखने के लिए आउटडोर गेम्स खेलते थे, गॉसिपिंग करते थे, रीडिंग, राइटिंग, कलरिंग, सिंगिंग, डांसिंग, गार्डनिंग जैसी हॉबीज को टाइम देते थे जिससे हमारा ब्रेन हर वक्त इंगेज रहता था। लेकिन अब स्मार्टफोन के दौर में बेवजह फोन स्क्रॉल करने की बुरी आदत लोगों को लग चुकी है। ऐसे में कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखकर आप इस बुरी आदत से छुटकारा पा सकते हैं। - सबसे पहले खुद पर संयम बनाये रखें, खुद को गैजेट्स से जुड़ी गतिविधियों से दूर रखने की कोशिश करें।- फोन से दूर रहने के लिए प्लानिंग करें। परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं। - जरूरी होने पर ही अपने फोन का इस्तेमाल करें। दिनभर ऑनलाइन रहने की बजाय सिर्फ काम के वक्त ही ऑनलाइन रहें। - खुद को रिलैक्स रखने के लिए वॉक पर जाएं। ऐसे कामों में अपना मन लगाएं, जिसमें आपको खुशी मिलती हो।



सबसे पहले फोन को खुद से दूर रखें और दूसरा फोन चेक करने का शेड्यूल बनाएं।- स्मार्टफोन को हर वक्त आंखों के सामने रखने की बजाए खुद से दूर दूसरे कमरे में, बैग में या ड्रॉअर में रख दें ताकि वह आपको नजर न आए। ऐसे में जब फोन आपके सामने नहीं होगा तो इस बात की संभावना अधिक होगी कि आप उसे बेवजह स्क्रॉल नहीं करेंगे।- फोन पर सोशल मीडिया या दूसरी चीजें चेक करने का एक शेड्यूल बनाएं और अगर आप लिमिटेड टाइम से ज्यादा फोन यूज नहीं करते हैं तो खुद को इसके लिए रिवॉर्ड भी दें।

इस समय हम जागरूक नहीं हुए तो भविष्य बहुत अंधकारमय होगा और उनका बौद्धिक विकास कितना विकसित होगा यह भविष्य के गर्त में छिपा होगा .पर इस कारण पढ़ाई में पिछड़ना और मानसिक रोगों के साथ आत्महत्या को ओर प्रेरित होना बहुतायत में हो रहा हैं और होगा।

## भारत देश हमारा '

यह भारत देश हमारा
हिन्दुस्तानियों के दिलों का तारा
तीन रंग मे रंगा तिरंगा
भारत देश की शान है
यह तिरंगा हम हिन्दुस्तानियों की पहचान है।

यही है गंगा यही हिमालय
यही भारत देश की आन बान और शान है।

जग में सुन्दर देश हमारा
अपना भारत हमें प्राणों से प्यारा
नदियाँ,खेत,बाग और वन
देते हैं हमें हमेशा सुन्दर जीवन।



यहाँ है सुन्दर पर्वतों का नजारा
पेड़-पौधों और प्रकृति का अद्भुत नजारा
यह भारत देश हमारा
है हम सबको प्राणों से प्यारा।

गंगा जमुना आदि जैसी
पवित्र नदियाँ करती हैं सर्वदा सिंचित जीवन
चलती रहे ये जीवनधारा
जग में सुन्दर देश हमारा

यह भारत देश हमारा
है हम सबको प्राणों से प्यारा।

**आँचल अग्रवाल**

**लवकुशनगर (मध्यप्रदेश)**

## बात कुछ भी नहीं...'

बात कुछ भी नहीं बस मामूली है ।
मंजर कातिलाना खंजर ये खूनी है ।।



कट रहे हैं रोज यहां !
लूट रहे हैं रोज यहां !!

जिंदगी क्या है एक कटी पतंग है ,
इंसान जैसे यहां गाजर मूली है ।

मंदिर शिवालय है सूना सूना !
प्रलय बढ़ रहा है कई गुना !!

बारिश हो या तपती धूप खड़े हैं ,
छतरी लिए ज्यौं मधुशाला खुली है ।

खाली पेट नंगे पांव दरबदर !
कैसे पहुंचे होंगे गांव दरबदर !!

यह घाव हमेशा याद रखेगी जन ,
बूंद बूंद रक्त जो इन्होंने असूली है ।

बारिश की बूंदों से नहाया हूं !
नहाकर बड़ा ही इतराया हूं !!

कहा था गंदगी बदरंग ज़मीर बहाने को ,
सिर्फ जिंदगी और जमीन ही धुली है ।

चेली बेटी का रिश्ता कहां गया !
रोजी रोटी का वास्ता कहां गया !!

संस्कृति नहीं सिखाता आपस में बैर रखना ,
एक तरफ शूली दूसरे तरफ त्रिशूली है ।

बात कुछ भी नहीं बस मामूली है ।
मंजर कातिलाना खंजर ये खूनी है ।।

**स्वरचित एवं मौलिक**
**मनोजवम्**
**सुदर्शन पार्क, मोती नगर,**
**नई दिल्ली**

## वो सड़क का मोड़

वो सड़क का मोड़
आज भी उदास तन्हा
शांत बेबस है मन के जैसे
जहां से तुम गये थे होकर
जुदा हम से ...
न रही कोई चहक
न रही कोई महक
न रहा कोई सवाल
न रहा कोई जवाब
बस बिखरी रहती है
बेनाम सी उदासी
इस सड़क के सन्नाटे जैसी
एक टक अक्सर देखती रहती हूँ
सड़क के उस मोड़ को
जहां से हाथ हिलाते हुए
अपने आँसूओं को छिपाते
टैक्सी में बैठ भारी मन से
दे दिलासा हमें चले गये थे
नयी जगह नया शहर नया काम
और पीछे रह गयी थी
अनकही पीड़ा थमे आँसू
पथराए से लब और
खामोश आँखे ढूंढती रहती हैं
तुम्हें हो कर मायूस
घर के हर कोने
पर गुज़रे लम्हे से तुम
कहीं नहीं मिलते पूरे घर में
होकर हताश दौड़ कर फिर
एक टक ताकने लगती हूँ
वो सड़क का मोड़
जहाँ वो लम्हा आज भी थमा है
हमारी थमी सी ज़िन्दगी के जैसे।।



***मीनाक्षी सुकुमारन***
**नोएडा**

# कोरोना के साथ जिंदगी




दुनिया के अधिकांश देश कोरोना महामारी से त्रस्त नजर आ रहें है। भारत में स्थिति लगातार अधिक खराब होती जा रही है। कोरोना पॉजिटिव केस आने की गति तेजी से बढ़ती जा रही है। कोरोना के चलते देश में चार बार किए गए लोडाउन के बाद अब देश में अनलाक 2.0 चल रहा है। जनजीवन को सामान्य बनाने के सरकार हर सम्भव प्रयास कर रही है। लाकडाउन के लगायी गयी पाबंदिया हटायी जा रही है। ताकि जन जीवन सामान्य हो सके। सरकार के हर सम्भव प्रयास के उपरांत भी कोरोना संक्रमण की रफ्तार कम होने का नाम नहीं ले रही है। अन्य देशों की वनिस्पत भारत में संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बीते 5 दिनों में ही एक लाख नए कोरोना संक्रमण के मामले सामने आए हैं। कोरोना संक्रमण में अमेरिका और ब्राजील के बाद भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। अमेरिका में कोरोना से 31 लाख 60 हजार से ज्यादा मामले हैं। वहीं ब्राजील में यह आंकड़ा 17 लाख 19 हजार है। अमेरिका में कोरोना महामारी की चपेट में आने से अब तक एक लाख 35 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं ब्राजील में इससे करीबन 68 हजार से ज्यादा लोगों ने जान गवा दी है। भारत में गत दिनों एक दिन में रिकॉर्ड 25 हजार नए केस दर्ज किए गए हैं। जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। भारत में कोरोना से अब तक करीबन आठ लाख लोग संक्रमित हो चुके हैं। यहां करीबन 21 हजार से ज्यादा लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है। जबकि पांच लाख लोग ठीक हो चुके हैं। इंडियन काउंसिल आफ मेडिकल रिसर्च के मुताबिक देश में टेस्ट किए गए सैंम्पलो की कुल संख्या एक करोड़ दस लाख के करीबन है। जिनमें 9 जुलाई को एक दिन में सबसे अधिक 2 लाख 83 हजार 659 सैंपल टेस्ट किए गए हैं। दुनिया में कोरोना से संक्रमित लोगों का आंकड़ा एक करोड़ 23 लाख से अधिक हो चुका है। जिनमें 5 लाख 53 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 71 लाख से अधिक लोग स्वस्थ हो चुके हैं। दुनिया के करीब 213 देश अभी तक इस महामारी की चपेट में आ चुके हैं। अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या ब्राजील, भारत, रूस, पेरू, चिली, स्पेन, इंग्लैंड, मैक्सिको, ईरान में है। भारत में सबसे अधिक कोरोना का संक्रमण महाराष्ट्र, तमिलनाडु, दिल्ली, गुजरात, उत्तर प्रदेश, कर्नाटका, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, राजस्थान में है। इन राज्यों में देश के करीब 90 प्रतिशत कोरोना संक्रमित लोग पाए गए हैं। मगर यहां सबसे अच्छी बात यह है कि भारत में कोरोना पॉजिटिव से रिकवर कर नेगेटिव होने वालों की संख्या अन्य देशों की तुलना में काफी अधिक है। भारत में करीबन औसतन 62 प्रतिशत कोरोना संक्रमित लोग स्वस्थ होकर घर जा रहे हैं। कोरोना के उपचार के लिए देश में इस समय 1169 बायो लेबोरेटरी काम कर रही है। जिनमें से 835 सरकारी क्षेत्र की व 334 निजी क्षेत्र की है। कोरोना की रोकथाम के लिए भारत में अभी भी अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवा, जल परिवहन सेवा बंद है। देश में भी एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में जाने के लिए सीमित संख्या में हवाई जहाज एवं रेल गाड़ियां संचालित की जा रही है। देश में तेजी से बढ़ते कोरोना संक्रमण के कारण इन दिनों लोगों में पहले से अधिक भय व्याप्त हो रहा है। कोरोना से देश का हर नागरिक खुद को डरा हुआ महसूस कर रहा है। इसी कारण बहुत कम संख्या में लोग घरों से बाहर निकाल रहे हैं। रेल गाडियां, हवाई जहाज, बसो में भी बहुत कम लोग यात्रा कर रहे हैं। कोरोना पाजिटिव पाये जाने पर भोपाल में एम्बुलेंस चालक डर कर उस व्यक्ति को अस्पताल के बाहर छोड़कर भाग जाता है। समय पर उपचार नहीं मिलने पर अस्पताल के बाहर ईलाज के अभाव में कोरोना पोजिटिव मरीज वाजिद अली 59 की मौत हो गयी। मेरे एक रिश्तेदार को वृद्धावस्था के चलते शुगर, बीपी, निमोनिया की बीमारी के उपचार के लिए जयपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां जांच में उनको कोरोना पाजिटिव पाया गया।



# थलाइवी में जयललिता की मां का किरदार निभाएंगी भाग्यश्री

**मुंबई ।** एक्ट्रेस भाग्यश्री जल्द ही बॉलिवुड में बड़ा कम बैक कर सकती हैं। पहले कहा जा रहा था कि वह फिल्म 2 स्टेट्स के साउथ रीमेक में काम करेंगी मगर यह फिल्म शुरू नहीं हो सकी। इसके बाद भाग्यश्री ने 2 बड़ी फिल्में साइन की हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भाग्यश्री ने कंगना रनौत के लीड रोल वाली फिल्म %थलाइवी% साइन की है। इस फिल्म में कंगना तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म में भाग्यश्री जयललिता की मां वेधा का किरदार निभाएंगी। जिन्होंने फिल्मों में काम करते हुए अपना नाम सपना रख लिया था। जयललिता की मां उनके शुरुआती जीवन से हमेशा उनके लिए काफी महत्वपूर्ण रही थीं। फिल्म में भी भाग्यश्री के इस किरदार को काफी सशक्त बनाया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म में जयललिता के बचपन से लेकर राजनीति में शिखर तक पहुंचने का सफर दिखाया गया है। इसलिए भाग्यश्री का किरदार और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है। हालांकि भाग्यश्री ने अपने किरदार के बारे में तो कुछ ज्यादा नहीं बताया है लेकिन इतना जरूर बताया है कि उनके ज्यादातर सीन केवल कंगना के साथ हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि भाग्यश्री का किरदार मजबूत होगा। भाग्यश्री भी कंगना की ऐक्टिंग की कायल हैं और उन्हें काफी पसंद करती हैं। बता दें कि %थलाइवी% की शूटिंग पिछले काफी समय से कोरोना वायरस लॉकडाउन के कारण रुकी हुई है। जबसे इस फिल्म से कंगना का फर्स्ट लुक रिलीज हुआ है तभी से इसकी रिलीज का इंतजार किया जा रहा है। यह फिल्म हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगू और इंग्लिश में भी रिलीज होगी।

# गे एनकाउंटर कटरीना कैफ के लगेगा ठीकः करीना

**मुंबई।** एक?ट्रेस करीना कपूर खान ने करण जौहर के पॉप?युलर टॉक शो %कॉफी विद करण% में करीना और रणबीर को लेकर बात की। इस शो में करीना से पूछा गया कि अगर जबरन किसी महिला के साथ उनका गे एनकाउंटर हो तो वह किसके साथ जाना पसंद करेंगी तो इस पर करीना ने कहा कि वह अपनी सिस?टर इन लॉ कटरीना के साथ सहज महसूस करेंगी। ऐक?ट्रेस ने यह भी कहा था कि वह कटरीना के परिवार में विश?वास करती हैं। बता दें कि करीना का रणवीर की गर्लफ्रेंड के साथ हमेशा अच?छा बॉन?ड रहा है। हालांकि, आगे चलकर रणबीर और कटरीना एक-दूसरे से अलग हो गए। लंबे समय तक उन?होंने अपने रिलेशनशिप पर कोई बात नहीं की। अब जहां आलिया के साथ रणबीर रिलेशनशिप में हैं, वहीं ऐसी चर्चा है कि कटरीना अब ऐक?टर विकी कौशल को डेट कर रही हैं। अभी तक कैट और विकी ने अपने रिलेशनशिप को कन?फर्म नहीं किया है। हालांकि, सोशल मीडिया पोस?ट्स, फोटोज, डिनर डेट्स काफी कुछ कहते हैं। वहीं, वर्कफ्रंट पर रणबीर और आलिया की तो कहा जा रहा है कि दोनों जल?द ही शादी के बंधन में बंध सकते हैं।



# रेप और जान से मारने की धमकी को नजरअंदाज नहीं करेंगी शाहीन

**मुंबई ।** बॉलिवुड ऐक्ट्रेस आलिया भट्ट की बहन शाहीन भट्ट अब सोशल मीडिया पर मिलने वाली रेप की धमकियों, उत्पीड़न और हेट मैसेज को कभी नजरअंदाज नहीं करेंगी। शाहीन भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कई स्क्रीनशॉट शेयर किए हैं। इन स्क्रीनशॉट्स के साथ शाहीन भट्ट ने लिखा कि %क्या यह आपको आश्चर्यचकित करता है, क्यों? यह मुझे आश्चर्यचकित नहीं करता है।% हाल में शाहीन भट्ट ने कुछ आंकड़े शेयर किए हैं। जिसमें कहा गया है कि भारत में हर 15 मिनट में एक महिला का रेप होता है। उन?होंने कहा कि यह आंकड़ा उन्हें आश्चर्यचकित नहीं करता है क्योंकि भारत में यह लोगों को उनकी औकात और उन्हें उनकी जगह बताता है। उन?होने आगे कहा कि %मैं अब उन लोगों के खिलाफ आवाज उठाऊंगी, जो ऑनलाइन रेप की धमकी, उत्पीड़न और हेट मैसेज भेजते हैं। सबसे पहले मैं ब्लॉक करूंगी और उसके बाद शिकायत करूंगी। मैं ऐसे लोगों के नाम भी समाज के सामने रखूंगी। जो लोग मुझे गंदे मैसेज भेजेंगे, मैं उनके नाम के साथ उस मैसेज को इंटरनेट पर पोस्ट करूंगी। मैं ऐसे लगों के खिलाफ लीगल एक्शन भी लूंगी। अगर किसी को लगता है कि उसका पता नहीं लगाया जा सकता है क्योंकि वो ये सब फेक अकाउंट से कर रहा है तो बता दूं कि तुम्हारा आईपी ट्रैक किया जा सकता है। अब तुम नहीं छुप पाओगे, किसी का उत्पीड़न करना जुर्म है।%






# दिशा की पहली फिल्म एमएस धोनी नही लोफर थी

**मुंबई ।** बॉलिवुड ए।क्ट्र।स दिशा पाटनी की पहली फिल्म क्रिकेटर महा।द्र सिंह धोनी पर बनी फिल्म एमएस धोनी द अनटोल्ड स्टोरी नहीं है, बल्कि उनकी पहली फिल्म लोफर थी। इस फिल्म मा। दिशा के साथ ए।क्टर वरुण त।ज थ।। यह फिल्म 2015 मा। आई थी। इस फिल्म के बाद दिशा को बॉलिवुड मा। मौका मिला था। नीरज पांड। न। उन्हा। ÷एमएस धोनी÷ मा। साइन किया। इस फिल्म मा। वह क्रिकेटर धोनी की प्र।मिका के रूप मा। दिखी थीं, जो बाद मा। एक हादस। की शिकार हो जाती है। वहीं इस फिल्म मा। सुशांत सिंह राजपूत न। धोनी का रोल किया था। वहीं कियारा आडवाणी न। पत्नी की भूमिका निभाई थी। वहीं फिल्म ÷मंगल÷ की बात करा। तो पोस्टर स। ल।कर ट्र।लर तक आदित्य रॉय कपूर और दिशा पाटनी की जबरदस्त केमिस्ट्री दिखाई दी है। इस। ल।कर फैंस काफी एक्साइट।ड हैं। पिछल। दिनों दिशा न। फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक सवाल के जवाब मा। इसका खुलासा कर ही दिया कि कि उन्हा। कौन सा सीन सबस। अधिक पंसद है। दिशा पाटनी न। कहा ?कि ÷हमराह÷ गान। के सीन मुझ। सबस। अधिक पसंद हैं। उन्होंन। कहा कि यह इसलिए भी पसंदीदा सीन है क्योंकि इसकी शूटिंग ज्यादातर पानी के अंदर हुई है। इसमा। सर्फिंग और तोड़फोड़ जैसी गतिविधियां भी शामिल थीं। इस?लिय। मुझ। इस गान। मा। सबस। अधिक मजा आया।

# उर्वशी रौतला की तस्वीर देखकर डर लोग

**मुंबई ।** हाल ही मा। उर्वशी रौत।ला न। सोशल मिडिया पर अपनी तस्वीर श।यर की है। जिस। द।खकर चौंक गए हैं। बताया गया कि इन तस्वीरों मा। उर्वशी किसी हॉरर फिल्म की हिरोइन स। कम नहीं लग रही हैं। सोशल मीडिया पर उर्वशी के इस लुक की खूब चर्चा हो रही है। उनकी यह तस्वीर ÷मोंजोलिका÷ विद्या की याद दिला रहीं है। बता दा। ?कि फिल्म ÷भूलभुलैया÷ मा। जब विद्या के किरदार पर मोंजोलिका का भूत सवार होता है, तो उनकी भी हालत उर्वशी रौत।ला की तस्वीरो के तरह दिखाई द।ती है। हालां?कि उनके इस लुक को द।ख लोग भी डर गए और सोशल मीडिया पर अपना रिए।क्शन श।यर किया। इस दौरान किसी न। लिखा कि मैं डर गया÷, तो वहीं किसी न। लिखा, इतनी खूबसूरत चुड़ैल के लिए हम कुछ भी कर जाएं। हालांकि कुछ लोगों का यह भी कहा कि उर्वशी का यह लुक भूलभुलैया के सीक्वल के लिए हो सकता है, जिस। अनीस बज्मी डायर।क्ट कर रह। हैं। इस फिल्म मा। कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी और तबू नजर आएंगी। सीक्वल मा। कार्तिक न। अक्षय कुमार को रिप्ल।स किया है।



# मेर पास शादी जैसी चीजों के बार में सोचन का समय नहीं

**मुंबई ।** शादी की अफवाहों पर विराम लगात। हुए बालीवुड एक्ट्रस श्रद्धा कपूर ने। साफ कहा अभी मेरे। पास इन चीजों के बारे। मे सोचने के लिए कतई टाइम नहीं है। अभी मैं सिर्फ फिल्मों पर फोकस कर रही हूं। और य। सब खबरा। सिर्फ अफवाहा। हैं।% एक इंटरव्यू मा। दिए इस बयान के साथ ही श्रद्धा कपूर न। अपनी शादी की खबरों को सीध। तौर पर खारिज कर दिया है। उन्होंन। रोहन श्र।ष्ठ के साथ रिल।शनशिप की खबरों को भी कभी कंफर्म नहीं किया है। हालांकि सिर्फ श्रद्धा कपूर ही नहीं अर्जुन कपूर, आलिया भट्ट, वरुण धवन और परिणीति चोपड़ा सम।त बॉलीवुड के कई स्टार्स की शादी स। जुड़ी



अफवाहा। उड़ चुकी हैं। सभी स्टार्स न। शादी की अफवाहों पर पर श्रद्धा कपूर के जैसा ही रिएक्शन दिया है। यहां बता दा। कि एक्ट्र।स श्रद्धा कपूर आजकल अपनी फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी के प्रमोशन को ल।कर बिजी है।

# नुसरत की खूबसूरती के कायल हुए फैन्स

**मुंबई।** बॉलिवुड की हॉट एा।ड स्टाइलिश ए।क्ट्र।स। नुसरत भरूचा की खुबसूरती द।खकर उनके फैन्स कायल हो गए हैं। दरअसल नुसरत अपनी कुछ तस्वीरों को ल।कर चर्चा मा। हैं, जिनमा। वह अल्ट्रा थाई हाई स्लिट गाउन मा। नजर आ रही हैं। ब।शक वह इस वन शोल्डर गाउन मा। काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं और इनमा। अपर थाई पर बना हुआ उनका टैटू भी नजर आ रहा है। लोगों न। नुसरत के इस अंदाज की काफी तारीफ की। किसी न। उनके ड्र।सअप को न।क्स्ट ल।वल का बताया तो किसी न। उनकी अदाओं को ÷खतरनाक और तबाही मचान।वाला बताया है। बता दा। कि नुसरत न। साल 2006 मा। फिल्म जय मां संतोषी स। डा।ब्यू किया था, जिसमा। उनके ÷गर्ल न।क्स्ट डोर वाल। अवतार को काफी पसंद किया गया था। इसके बाद उन्होंन। कई और फिल्मों मा। काम किया। इसके बाद उन्होंन। 2011 मा। ÷प्यार का पंचनामा मा। काम किया।



# खजुराहो की अद्भुत मूर्तिकला

**कलाकृतियां भी किसी स्थल की सांस्कृतिक विशेषता हो सकती हैं इसका सबसे अच्छा उदाहरण खजुराहो के रूप में दिया जा सकता है। खजुराहो के मंदिरों का निर्माण दसवीं-ग्यारवहीं शताब्दी के बीच में चंदेल नरेशों ने किया था। एक सौ वर्ष की इस अवधि के दौरान उन्होंने कलापूर्ण, भव्य और मनोहारी 85 मंदिरों का निर्माण करवाया। इनमें से 25 अभी भी मौजूद हैं।**



ये मंदिर भारतीय वास्तुशिल्प और मूर्तिकला के अनुमप उदाहरण के रूप में जाने जाते हैं। यद्यपि अधिकांश विदेशी पर्यटकों के लिए खजुराहो का मुख्य आकर्षण मैथुन मूर्तियां हैं पर देखा जाए तो खजुराहो में देखने के लिए और भी बहुत कुछ है।

इतिहास बताता है कि श्रीहर्ष के निधन के बाद भारत के राजनीतिक क्षितिज पर राजपूतों का वर्चस्व रहा। मध्य युग को तो एक तरह से राजपूतों का ही युग कहा जा सकता है। राजपूत स्वयं को अग्रिकुल का सदस्य मानते हैं। वैसे वैदिक साहित्य में राजपूत शब्द नहीं मिलता लेकिन यह सत्य है कि हिन्दू धर्म और संस्कृति की रक्षा में राजपूत सदैव आगे रहे। उन्होंने वीरता और शौर्य के नये मानक स्थापित किए। भारतीय संस्कृति में राजपूतों का सबसे महत्वपूर्ण योगदान विशाल, भव्य और सुंदर मंदिरों का निर्माण कहा जा सकता है।

नौवीं शताब्दी में बुंदेलख.ड क्षेत्र में चंदेल एक बड़ी शक्ति के रूप में उभरे थे। उन्होंने इस क्षेत्र के बड़े भूभाग पर तीन सौ वर्षों से भी अधिक समय तक शासन किया। उन्होंने इस क्षेत्र में अनेक मंदिरों, महलों और दुर्गों का निर्माण करवाया।

चंदेल कला, संगीत और स्थापत्य को बढ़ावा देने वाले शासक थे। उन्होंने एक सौ वर्ष की अवधि के दौरान इन मंदिरों का निर्माण कराया। संयुक्त राष्ट शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति संगठन ने इन्हें भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने हेतु इन्हें विश्व विरासत स्थल घोषित कर दिया है। खजुराहो में वैष्णव, शैव और जैन तीनों सम्प्रदायों के मंदिर मौजूद हैं। खास बात यह है कि इन मंदिरों की रचना में एक ही शैली का अनुसरण किया गया है। चौंसठ योगिनी, ब्रह्मा और लाल शुआन महादेव के मंदिर को छोड़ कर सभी शेष मंदिर पन्ना की खानों से निकाले गए पत्थरों से बनाए गए हैं।

इन मूर्तियों के शिल्पकार मानव आकृतियों और मनोभावों के अद्भुत चितेरे थे। उन्होंने सभी मंदिरों के बाहरी भाग को विभिन्न भावपूर्ण मानव आकृतियों से अलंकृत किया। खजुराहो के मूर्तिकारों ने विभिन्न भावों को इतनी कलात्मकता से चित्रित किया है कि खजुराहो के मंदिरों को पत्थरों पर उकेरी कविता भी कहा जा सकता है। खजुराहो की मूर्तियों को पांच वर्गों में बांटा जा सकता है।पहले वर्ग में विभिन्न सम्प्रदायों के मुख्य देवी देवताओं की मूर्तियां हैं। जिनको कि गर्भगृह में स्थान दिया गया है। दूसरे वर्ग में परिवार के सदस्य, अनुचर, गौण देवी देवता और द्वारपाल हैं। इन्हें आलों या ताक में स्थान दिया गया है। तीसरे वर्ग में अप्सराओं और सुर-सुंदरियों की मूर्तियां आती हैं। इन्हें मंदिर की बाहरी दीवारों, खंभों और छत पर उत्कीर्ण किया गया है। घरेलू जीवन की झलकियां, पाठशाला के दृश्य, नृत्यांगनाएं और मिथुन मूर्तियां चौथे वर्ग में आती हैं। इन्हें मंदिर की बाहरी दीवारों पर चित्रित किया गया है। पांचवें वर्ग में पशुओं की मूर्तियां हैं- शार्टूल, सीगों वाला शेर, उस पर सवार धनुर्धारी और उस पर एक योद्या का आक्रमण।यहां के मंदिरों की विशेषता यह है कि प्रत्येक मंदिर एक चबूतरे पर बना है, जो आसपास के क्षेत्र से कुछ अधिक ऊंचाई पर है। यह चबूतरा दो काम करता है- मंदिर की परिक्रमा का रास्ता बनाता है तथा भक्तजनों को बैठने, विश्राम करने और चहल-कदमी करने के लिए स्थान प्रदान करता है।

# गर्मी की बीमारियों से कैसे बचें?

मई का महीना दस्तक देने की तैयारी कर रहा है, सूरज अपनी प्रखर किरणों की तीव्रता से दुनिया के जलस्त्रोतों को सुखाकर वायु में रूखापन और ताप बढ़ाकर लोगों के शरीर की गर्मी बढ़ा रही हैं।

गर्मी में निर्जलीकरण, लू लगना, चक्कर आना, घबराहट होना, उल्टी- दस्त, घमोरिया जैसे सामान्य परेशानियां घेर लेती हैं।

**गर्मियों में ये न करें –**

- गर्मियों में खुले शरीर, नंगे सर और नंगे पाँव न चलें।
- गर्मी में घर से खाली पेट या प्यासे बाहर जाएं।
- कूलर या पंखे के माहौले से तुरंत निकलकर बाहर न जाएं।

-बाहर धुप से आकर तुरंत ठंडा पानी पीना एसीधे कूलर या ।

-तेज मिर्च, मसाले, बहुत गर्म खाना, चाय और शराब का सेवन न करें।

-सूती और ढीले कपड़ो के बजाय सिंथेटिक और कसे हुए कपडे पहनें।

**बचाव के तरीके–**

- गर्मी में हलके रंग और सूती कपड़ों को तवज्जो दें।
- चेहरे और सर को रूमाल या साफी से ढंककर चलें।



-प्याज का सेवन करें और साथ में प्याज लेकर भी चलें।

- बाजार की चीजों से दूर रहें, घर पर बनी चीजों के इस्तेमाल पर ज्यादा ध्यान दें।

-केरी का रस, चन्दन-गुलाब-संतरा का सरबत, ठंडाई, सत्तू, दही की लस्सी, और गुलकंद का सेवन करें।

-घीया(लॉकी), ककड़ी , खीरा, पालक, पुदीना, नींबू , तरबूज के सेवन पर ध्यान दें।

- रोजाना 2-3 लीटर पानी पिएं।

# बच्चों को मोटा होने से कैसे बचाएं?

अगर आप चाहते हैं कि आपके बच्चे को मोटापे की समस्या न हो, तो उसके सामने कतई भी धूम्रपान न करें। एक नए शोध में शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि जो पुरूष अपने 11 साल से कम उम्र के बच्चों के सामने धूम्रपान करते हैं, उन बच्चों में मोटापे क ी समस्या होने का खतरा अधिक होता है।पुरूषों की जरा सी लापरवाही उनके बच्चों को मोटापे का शिकार बनाने के लिए काफी है। हाल में हुए शोध की मानें तो जो पुरूष अपने बच्चों के आगे धूम्रपान करते हैं, उनके बच्चों को मोटापे का खतरा अधिक होता है। शोध में पाया गया है कि जो पुरूष 11 वर्ष से कम आयु के अपने बच्चों के सामने अधिक धूम्रपान करते हैं, उनके बच्चों में सामान्य बच्चों की अपेक्षा 10 किलोग्राम अधिक वजन बढ़ने की आशंका होती है।



हालांकि यह प्रभाव उन बच्चों पर नहीं देखा गया, जिनके पिता उनके 11 साल से अधिक उम्र के होने के बाद उनके सामने धूम्रपान करते हैं।इस आधार पर यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टोल के शोधकर्ताओं ने तंबाकू व धुएं का संबंध बच्चों की मेटाबॉलिक गतिविधियों से माना है। शोधकर्ता प्रोफेसर मार्कस पेंब्रे के अनुसार धूम्रपान का प्रभाव पीढ़ी दर पीढ़ी होता है और इसका सीधा संबंध मोटापे से है।

यह शोध यूरोपियन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स÷ में प्रकाशित किया गया है।

# परफेक्ट फिगर पाना है तो अपनाएं कुछ आसान से नियम

**जो युवतियां अपना फिगर मेनटेन रखना चाहती हैं व सुन्दर दिखना चाहती हैं, उन्हें अपने आहार के प्रति विशेष सावधानी बरतनी होगी. आहार विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि युवतियां सिर्फ जिम जाकर ही अपने फिगर को परफेक्ट नहीं बना सकती. इसके लिए अच्छा व नियंत्रित आहार भी उतना ही आवश्यक है जितनी कि एक्सरसाइज. इसके लिए उन्हें अपना डाइट प्लान बनाना होगा, बाकायदा चार्ट के रूप में और उसी के अनुसार चलना होगा.**

आहार विशेषज्ञों के अनुसार ऐसी युवतियों को सुबह के नाश्ते में ठंडे खाद्य पदार्थ, अंकुरित अनाज, आटे की ब्रेड, फलों का सलाद व सोया दूध का सेवन करना चाहिए. यहां ठंडे खाद्य पदार्थों का मतलब आइस्क्रीम या कोल्डड्रिंक से नहीं बल्कि लस्सी, नींबू, पानी इत्यादि से है. दोपहर के खाने में एक कटोरी ब्राउन चावल, दाल, हरी सब्जियों का सलाद, एक आटे की चपाती, कोई भी पकी हुई हरी सब्जी, जो रसेदार हो. चाहें तो साथ में एक सूखी सब्जी भी ले सकती है. उन्हें चटनी, आचार मिठाई इत्यादि से दूर रहना चाहिए. अपने पाचन तंत्र को सही रखने हेतु वे तुलसी या आंवले का रस पी सकती हैं. आहार विशेषज्ञों का मानना है कि जो युवतियां खानपान संबंधी इन नियमों का पालन करती हैं, खूबसूरती उनके चेहरे से स्पष्ट झलकती है और साथ ही उनका फिगर भी मेनटेन रहता है.

**वज़न घटाएँ ऐसे**

* आप हर रोज के हिसाब से अपना डाइट प्लान बनाएँ तथा उसी के हिसाब से भोजन ग्रहण करें.
* भोजन ग्रहण करने से पूर्व एक बाउल सूप या सलाद लेने की आदत डालें.
* यदि आप भरपूर नींद नहीं लेते हैं तो उसके कारण होने वाली



थकान से भी उसका वजन बढ़ता है इसलिए समय पर सोने व जागने की आदत डालें.

* बाजार के पिज्जा, बर्गर या डोसा खाने के बजाय घर पर बना भोजन करने की आदत डालें.
* भोजन करते वक्त टीवी देखने की आदत बहुत बुरी होती है. इससे आपका सारा ध्यान टीवी पर होता है और पेट भरने के बाद भी भोजन करते रहते हैं.
* यदि आप पार्टी, शादी, त्योहार आदि को अपने वजन बढ़ने का जिम्मेदार मानते हैं तो ये सरासर गलत है

# आईटी में है जबरदस्त इंकम का कॅरियर

**आज युवा वर्ग आईटी सेक्टर में सबसे अधिक प्रोफेशनल्स कोर्स कर रहा है और सभी को जॉब्स भी मिल रही हैं। इसकी मुख्य वजह यह है कि देश में लगातार कंप्यूटराइजेशन हो रहा है। ग्लोबल मंदी के बावजूद पिछले कुछ सालों में भारतीय आईटी सेक्टर में फास्ट ग्रोथ होने के कारण जॉब्स के ऑप्शन तेजी से बढे हैं। एक अनुमान के मुताबिक आईटी और आईटीईएस सेक्टर में आने-वाले समय में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और सिस्टम एनालिस्ट और भी तेजी से ग्रोथ करेगा।**

आईटी सेक्टर से संबंधित कोई भी ?सी बड़ी कंपनी नहीं है, जिसमें भारतीय प्रतिभा का योगदान न हो। यह सेक्टर हमेशा से प्रतिभा को आकर्षित करने वाला रहा है। वैसे तो इससे संबंधित सभी ब्रांचेज में जॉब की कमी नहीं है, लेकिन सॉफ्टवेयर इंजीनियर व सिस्टम एनालिस्ट की डिमांड मार्केट में कुछ ज्यादा ही दिखाई दे रही है।

**जानें कोर्स के बारे में**

इन दोनों से संबंधित कई तरह के कोर्स विभिन्न इंस्टीट्यूट्स द्वारा चलाए जा रहे हैं। आप किसी भी अच्छे इंस्टीट्यूट से क्वॉलिटी कोर्स करके इस फील्ड में एंट्री कर सकते हैं।

**सॉफ्टवेयर इंजीनियर**

सॉफ्टवेयर दो तरह के होते हैं। एप्लीकेशन और सिस्टम। इन दोनों सॉफ्टवेयर्स की हेल्प से कई तरह की प्रोग्रामिंग लैंग्वेज डेवलप की



जाती हैं, जिनका यूज विभिन्न प्रकार के कामों में किया जाता है।

**मार्केट डिमांड पर फोकस**

किस सॉफ्टवेयर में क्या कमी है, किसमें क्या नई चीज जोड़नी है, ये काम भी इन्हीं के जिम्मे रहता है। किसी भी प्रोग्राम के नए वर्जन में भी इनकी भूमिका आगे ही रहती है।

**क्या हैं जॉब आप्शंस**

आईटी को लेकर स्टूडेंट्स का रूझान जिस तरह बढ़ रहा है, उसे देखते हुए इसके प्रोफेशनल्स के लिए जॉब की कोई कमी आने वाले कई वर्षो तक नहीं होगी। कंप्यूटर का इस्तेमाल बढ़ने से कई नए तरह के सॉफ्टवेयर बनाने की जरूरत रोज महसूस की जाती है। इस काम में हेल्पफुल होते हैं, सॉफ्टवेयर इंजीनियर।

**जरूरी है अपडेट रहना**

एक अच्छा सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना है, तो हमेशा अपडेट रहना पडेगा। कोई भी नई चीज आए, उसे सीखें। किस सॉफ्टवेयर में कहां, क्या कमी है, उसे जज करें और कुछ नया करने की कोशिश करते रहें। जो लोग ?सी अप्रोच रखते हैं, यह फील्ड उन्हीं के लिए है।

**सिस्टम एनालिस्ट**

सिस्टम एनालिस्ट की डिमांड भी कम नहीं है। देश में कई नए तरह के कंप्यूटर बनाने की प्रक्रिया चल रही है। ?से में इसके स्पेशलिस्ट्स के पास जॉब की कमी आने वाले दो-तीन दशकों तक कम होती नहीं दिखाई देती।

**क्या हैं जरूरी स्किल्स**

कंप्यूटर की फील्ड में हो रहे सभी अपडेट की पूरी तरह नॉलेज हो। कस्टमर की बात को समझने की काबिलियत व अपनी कम्युनिकेशन स्किल से उसे संतुष्ट करने की क्वॉलिटी।

**क्या हैं जॉब आप्शंस**

सिस्टम एनालिस्ट की डिमांड गवर्नमेंट और प्राइवेट दोनों ही सेक्टर्स में है। मार्केट में जिस तरह से कॉम्पिटिशन का ट्रेंड आया है, वह इसके प्रोफेशनल्स के लिए गोल्डन है। इसकी अच्छी नॉलेज है, तो आईटी सेक्टर की किसी भी बड़ी कंपनी के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं। खुद का कारोबार भी कर सकते हैं।

**इनोवेशन है जरूरी**

सिस्टम एनालिस्ट नए कंप्यूटर्स को डेवलप करने का प्लान बनाता है। वह देखता है कि डिमांड के अनुसार कंप्यूटर के आकार व उसकी क्वॉलिटी में किस तरह के चेंजेज जरूरी हैं। इसका फोकस कंप्यूटर की वर्किंग कंडीशन्स और उसके अपीयरेंस दोनों पर रहता है।

## रखरखाव के अधिक खर्चे के कारण लग्जरी कार बेच रही हूं : दुती चंद



**नई दिल्ली।** फर्राटा धाविका दुती चंद ने कहा है कि वह अपनी लग्जरी कार (बीएमडब्लू) इसलिए बेच रही है क्योंकि इसके रखरखाव पर बेहद खर्च हो रहा है। दुती ने इन बातों को अधारहीन बताया है जिसमें कहा गया है कि अपनी अपनी ट्रेनिंग के लिए पैसा जुटाने के लिए उसे कार बेचनी पड़ रही है। इसी के साथ ही दुती ने कार बेचने को लेकर लगायी जा रही अटकलों को समाप्त करने का प्रयास किया है। कुछ दिन पहले अइ दुती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली थी कि वह रखरखाव के अधिक खर्चे के कारण अपनी बीएमडब्ल्यू कार बेचना चाहती हैं। इस पोस्ट को बाद में डिलीट कर दिया गया पर खेल समुदाय ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी। पूर्व डेविस कप खिलाड़ी सोमदेव देववर्मन ने दुती का समर्थन किया जबकि अन्य खिलाड़ियों ने कहा कि उन्हें केंद्रीय खेल मंत्रालय, ओडिशा सरकार और भारतीय ऐथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से समर्थन मिल रहा है। दुती ने अपने ट्विटर हैंडल पर डाले बयान में कहा, 'मैंने अपनी बीएमडब्ल्यू कार बेचने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। मेरे पास लग्जरी कार रखने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं है, हालांकि मुझे यह काफी पसंद है। मैं कार का इस्तेमाल नहीं कर पा रही थी और यह मेरे लिए बेकार का खर्चा था। मैंने कभी नहीं कहा कि मैं अपनी ट्रेनिंग का खर्चा उठाने के लिए इसे बेच रही हूं।' साथ ही कहा कि ओडिशा सरकार और केआईआईटी यूनिवर्सिटी ने हमेशा ही मेरा समर्थन किया है। इससे हालांकि इस तथ्य को नहीं नकारा जा सकता कि मेरी ट्रेनिंग काफी खर्चीली है विशेषकर 2021 ओलिंपिक की।' दुती ने कहा, 'मैं सिर्फ इतना कहना चाहती थी कि इस पैसे का इस्तेमाल मेरी ट्रेनिंग के लिए किया जा सकता है और कोरोना वायरस महामारी के बाद राज्य सरकार से पैसा मिलने पर कार खरीदी जा सकती है।'



क्रीगडाओ में चीनी बास्केटबाल संघ के मैच में खेलते हुए खिलाड़ी।

## मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर को नियुक्त करेगा ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड

**मेलबोर्न।** हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल सहित पिछले साल तीन खिलाड़ियों के मानसिक समस्या से घिर जाने के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) पहली बार मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर की नियुक्ति करने का निर्णय लिया है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने पिछले सप्ताह 'मेंटल हेल्थ एंड वेलबींग लीड (मनोचिकित्सक)' के नए पद के लिए एक विज्ञापन निकाला, जो बोर्ड के खेल विज्ञान एवं चिकित्सा के प्रमुख एलेक्स कॉन्टूरिस को रिपोर्ट करेगा। सीए के हाई परफोरमेंस प्रमुख ड्रीयू गिन्न ने कहा मनोचिकित्सा पेशेवर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया में मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देगा और हमें व्यक्तिगत सेवा प्रदान करेगा। सीए के साथ फिलहाल दो खेल मनोवैज्ञानिक जुड़े है जिसमें माइकल लॉयड पुरुष टीम की जिम्मेदारी निभाते है, जबकि पीटर क्लार्क के पास महिला टीम की जिम्मेदारी है। गिन ने कहा इस भूमिका के निभाने वालों को सीए के अनुबंधित खिलाड़ियों को सहायता प्रदान करना होगा। यह मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का एक शानदार मौका है। यह हमारी टीमों के साथ काम करने वाले हमारे वर्तमान मनोवैज्ञानिकों को और मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा राष्ट्रीय स्तर पर इस भूमिका के लिए एक समर्पित नेतृत्व होना राष्ट्रीय स्तर की रणनीति, भविष्य की साझेदारी और खिलाड़ियों से जुड़े प्रबंधन के लिए सकारात्मक कदम है। शीर्ष क्रिकेटरों में मानसिक स्वास्थ्य का मुद्दा उस समय उठा था जब मैक्सवेल से इससे निपटने के लिए पिछले साल ब्रेक लिया था।

# धोनी की तरह ही कप्तानी करते हैं रोहित : हसी



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर माइकल हसी ने कहा है कि सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की कप्तानी का अंदाज भी महेन्द्र सिंह धोनी जैसा ही है। हसी ने आईपीएल में काफी मैच इन दोनों की कप्तानी में खेले हैं। तीन बार आईपीएल चैंपियन और दो बार चैंपियन लीग टी20 का खिताब जीतने वाले महेन्द्र सिंह धोनी की तारीफ पर हसी ने कहा वह शांत और ठंडे दिमाग से सोचते हैं और अपने खिलाड़ियों का पूरा समर्थन करते हैं। उनमें एक अलग ही स्तर पर खेल की समझ हैं, जो मैदान पर भांप लेते हैं कि आगे क्या हो सकता है। हसी ने कहा कि रोहित भी बिल्कुल धोनी के जैसे कप्तान हैं। वह भी दबाव के क्षणों में भी बहुत शांत रहते हैं और रणनीतियां बनाने में माहिर हैं। रोहित के बारे में उन्होंने कहा कि मुश्किल परिस्थितियों में भी खिलाड़ियों दबाव हटा लेते हैं और उनकी यही काबिलियत उन्हें चैंपियन बनाती है। हसी ने हाल ही में चार कप्तानों के साथ खेलने के अपने अनुभवों के बारे में बताया। हसी 2004 से 2013 तक ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले हैं और इस दौरान वह 2008 से 2015 तक आईपीएल में भी खेले हैं। वह ऑस्ट्रेलियाई टीम में रिकी पॉन्टिंग और माइकल क्लार्क की कप्तानी में खेले, जबकि आईपीएल में वह धोनी और रोहित की कप्तानी में भी खेल चुके हैं। हसी ने कहा कि इन चारों ही कप्तानों का व्यवहार बिल्कुल अलग है। रिकी पॉन्टिंग इन सभी में सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धी कप्तान थे। वह अपनी टीम का आगे बढ़कर नेतृत्व करते थे और खिलाड़ियों को पूरा समर्थन देते थे। वह बस जीतना चाहते थे और पूरी टीम को अपने साथ एकजुट करते थे। इस खिलाड़ी ने अपने दूसरे कप्तान माइकल क्लार्क की तारीफ करते हुए कहा कि वह रणनीतियां बनाने में और अपने खिलाड़ियों की क्षमताएं परखने में माहिर थे। वह जानते थे कि किस खिलाड़ी को इस्तेमाल करने का कब सही समय है। वह तेज दिगाम के शांत स्वभाव वाले खिलाड़ी थे।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में वापसी करेंगे रुट, डेनली बाहर

**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के नियमित कप्तान जो रूट वेस्टइंडीज के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट में खेलेंगे। रूट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के लिए अपनी पत्नी के साथ रहने के कारण साउथम्पटन में पहले टेस्ट में नहीं खेले थे। ऑलराउंडर बेन स्टोक्स की कप्तानी में खेले गये इस मैच में इंग्लैंड टीम को चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। रुट की वापसी के साथ ही युवा बल्लेबाज जो डेनली को बाहर होना पड़ा है। डेनली का प्रदर्शन पहले टेस्ट में अच्छा नहीं रहा था और उन्होंने रोज बाउल में दो पारियों में 18 और 29 रन बनाए थे। दूसरे टेस्ट में रुट की वापसी के लिए दो खिलाड़ियों डेनली और जैक क्रॉउली में से किसी एक को बाहर किया जाना था पर क्रॉउली ने पहले टेस्ट की दूसरी पारी में शानदार 76 रनों की पारी खेली थी, इसलिए उन्हें टीम में बरकरार रखा गया है। रूट ने हालांकि टीम में और संभावित बदलावों का खुलासा नहीं किया है।



## आर्सनल ने लिवरपूल को हराया

**लंदन।** इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में लीवरपूल क्लब को आर्सनल के हाथों 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ही लिवरपूल का सर्वाधिक अंक हासिल करने का रिकार्ड अपने नाम करने का सपना टूट गया। लिवरपूल की नजरें मैनचेस्टर सिटी के 100 अंक के रिकार्ड तक पहुंचने पर थीं। लीवरपूल की ओर से सैडियो माने ने 20वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिलायी पर आर्सनल की ओर से अलेक्सांद्र लकाजेटे ने 32वें मिनट में एक गोल कर मुकाबला 1--1 से बराबरी पर ला दिया। इसके 12 मिनट बाद आर्सनल की ओर से रीस नेल्सन ने एक ओर गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। लिवरपूल को इससे पहले भी अपने दो अन्य मैचों में हार का सामना करना पड़ा। उसका बर्नले के साथ भी मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रहा था। आर्सनल के हाथों इस हार के साथ ही लीवरपूल के अब 93 अंक हैं और बाकी बचे दो मैचों में जीत दर्ज करने पर भी वह 99 अंक तक ही पहुंच सकता है।

## गांगुली होम क्वॉरनटीन में रहेंगे, भाई स्नेहाशीष निकले कोरोना पॉजिटिव

**कोलकाता ।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरभ गांगुली के भाई स्नेहाशीष गांगुली कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं। उसी के बाद से ही गांगुली घर में ही क्वॉरनटीन पर हैं। रणजी क्रिकेटर रहे स्नेहाशीष क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) के संयुक्त सचिव हैं। स्नेहाशीष गांगुली का कोविड-19 टेस्ट पॉजीटिव पाया गया है। स्नेहाशीष को इसी के बाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। कैब के एक अधिकारी ने कहा, %पिछले कुछ दिनों से उन्हें बुखार था और आज उनका कोरोना टेस्ट पॉजीटिव आया है। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इसके बाद से ही स्वास्थ्य प्रोटोकॉल को देखते हुए गांगुली को एक तय समय तक होम क्वॉरनटीन में रहना होगा।



## गोदरेज प्रोटेक्ट ने बारह उत्पादों के साथ स्वच्छता रेंज पेश की

**भोपाल।** देश और दुनिया में कोरोना के बाद का समय न्यू नार्मल बन गया है। इस माहौल में लोगों को निडर होकर जीने के लिए गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्टस लिमिटेड के भरोसे स्वच्छता ब्रांड गोदरेज प्रोटेक्ट 12 उत्पादों के साथ संपूर्ण व्यक्तिगत और घरेलू रेंज पेश कर रहा है। बैक्टीरिया और वायरस से 99.9 प्रतिशत सुरक्षा प्रदान करने वाले इस गोदरेज प्रोटेक्ट रेंज में हेल्थ साबनु, बॉडी वॉश, जर्म प्रोटेक्शन फरूट एंड वेजी वॉश, जर्म प्रोटेक्शन डिशवॉश लिक्विड 1 रुपये का हैंड सैननटाइजर सैशे, एयर और सरफेस डिसइन्फेक्टेंट स्प्रे, यात्रा के दौरान इस्तेमाल किया जाने वाला डिसइन्फेक्टेंट स्प्रे सरफेस और स्कीन, त्वचा से बैक्टीरिया साफ करने वाले वाइप्स पीडब्लू 95 फेस मास्क और बहुउद्देशीय डिसइफैक्टेंट अब तक गोदरेज प्रोटेक्ट सिर्फ हाथ साफ करने वाले हैंड सनैनटाइजर सेगमेंट में ही मौजदू था। इस सेगमेंट में यह मिस्टर मैजिक लिक्विड हैंडवाश भारत का पहला पाउडर हैंडवाशा की पेशकश किया था। यह पहली बार साबनु,कीटाणुनाशक स्प्रे, फेस मास्क,फरूट एंड वेजीटेबल वॉश और डिश वॉलशिंग लिक्विडव जैसे सेगमेंट में उतर रहा है। इसतरह गोदरेज प्रोटेक्ट घर, रसोई और व्यक्गित उपयोग के लिए स्वच्छता आधारित सुरक्षा प्रदान करेगा। इसने पहली बार एक रुपये वाले हैंड़ सैननटाइटर सैशे की भी पेशकश की है।

### एसबीआई रिपोर्ट- खुदरा महंगाई आगामी महीनों में शीर्ष स्तर पर रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश के सरकारी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट (एसबीआई) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार मजदूरों की कमी के कारण आपूर्ति पक्ष की बाधाओं के साथ ही राजकोषीय घाटे और बाहरी कारणों के चलते देश में खुदरा महंगाई के अगले कुछ महीनों के दौरान उच्च स्तर पर बने रहने का अनुमान है। एसबीआई की रिपोर्ट 'इकोरैप' में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) को सुझाव दिया गया है कि खुदरा मुद्रास्फीति की गणना करते समय उत्पादों की ऑनलाइन कीमतों को भी ध्यान में रखा जाए, क्योंकि कोविड-19 महामारी के प्रकोप के बाद ज्यादातर लोग अपनी जरूरतों के लिए ऑनलाइन स्टोर पर भरोसा कर रहे हैं।

# शेयर बाजार तेजी के साथ खुला

**मुंबई।** मुम्बई शेयर बाजार गुरुवार को तेजी के साथ खुला है। सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन बाजार में यह बढ़त दिग्गज आईटी कंपनी इंफोसिस के शेयरों से आई है। बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान 100 अंकों से अधिक की तेजी आई। इस दौरान इंफोसिस के शेयरों में उछाल आया है जबकि दूसरे एशियाई बाजार घाटे के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स 116.77 अंकों या 0.32 फीसदी की तेजी के साथ 36,168.58 पर कारोबार कर रहा था। वहीं इसी तरह, एनएसई निफ्टी 18.65 अंक या 0.18 फीसदी बढ़कर 10,636.85 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान आईटी कंपनी इंफोसिस के शेयरों में लगभग 12 फीसदी की तेजी आई। कंपनी का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 12.4 फीसदी की मजबूती के साथ बढ़कर 4,272 करोड़ रुपये हो गया, जिसके चलते यह तेजी आई है। इसके अलावा एचसीएल टेक, टीसीएस, टेक महिंद्रा और सन फार्मा के शेयर भी तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। वहीं दूसरी ओर आइटीसी, एचडीएफसी, टाइटन, पावरग्रिड, एनटीपीसी और टाटा स्टील के शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी। वहीं पिछले कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 18.75 अंक या 0.05 फीसदी बढ़कर 36,051.81 पर और निफ्टी 10.85 अंक या 0.10 फीसदी की तेजी के साथ 10,618.20 पर बंद हुआ था।



### ग्वालियर, दतिया व शिवपुरी जिले में विकसित होंगे अलग-अलग सब्जियों व मसाला फसलों के क्लस्टर

# नूराबाद में सब्जी उत्पादन से संबंधित राष्ट्रीय स्तर का सेंन्ट्रल ऑफ ऐक्सीलेंस स्थापित होगा : राज्य मंत्री कुशवाह

**ग्वालियर।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं नर्मदा घाटी विकास राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा है कि मुरैना जिले के नूराबाद में जल्द ही सब्जी उत्पादन से संबंधित राष्ट्रीय स्तर के %%सेंन्ट्रल ऑफ ऐक्सीलेंस%% (वेजीटेविल) की स्थापना होगी। विभागीय अधिकारियों को इस सेंटर की स्थापना के लिये एक हफ्ते के भीतर निविदा की कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। श्री कुशवाह ने गुरूवार को ग्वालियर प्रवास के दौरान जनप्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान इस आशय की जानकारी दी। ज्ञात हो भारत सरकार द्वारा नूराबाद में %%सेंन्ट्रल ऑफ ऐक्सीलेंस%% (वेजीटेविल) स्थापित करने की स्वीकृति दी गई है। राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह आवंटित विभागों का कार्यभार ग्रहण करने के बाद पहली बार ग्वालियर पहुँचे थे। यहाँ व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार पर उनका आत्मीय स्वागत



उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री का ग्वालियर में हुआ आत्मीय स्वागत

किया गया। उन्होंने सोशल डिस्टेंस का ध्यान रखकर आम नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट की। इस अवसर पर जीडीए के पूर्व अध्यक्ष श्री अभय चौधरी एवं जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। इस अवसर पर उन्होंने जानकारी दी कि ग्वालियर-चंबल संभाग सहित सम्पूर्ण प्रदेश में आत्मनिर्भर भारत के अन्तर्गत योजनाओं को मूर्तरूप देकर विभिन्न प्रकार की सब्जियों के लिये क्लस्टरों का चयन किया जायेगा। जिसमें ग्वालियर जिले के बरई (घाटीगाँव) विकासखण्ड में मटर की खेती, शिवपुरी में टमाटर एवं दतिया के सेंवडा विकासखण्ड में लहसून की खेती शामिल है। इस संबंध में भोपाल में विभागीय अधिकारियों को बैठक लेकर निर्देश जारी कर दिए गए हैं। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि शिवपुरी जिलें में टमाटर फसल उत्पादन एवं प्रसंस्करण के लिए किसानों की कार्यशाला आयोजित की जायेगी। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा प्रदेश में संचालित लगभग 300 नर्सरियों को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, मनरेगा, एवं विभागीय मद से उन्नत किया जायेगा, जिससे प्रदेश के किसानों को उचित मांपदण्ड के फलदार पौधे एवं विभिन्न फसलों के मानक स्तर के बीज प्राप्त हो सकें। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं नर्मदा घाटी विकास राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह 17 जुलाई को प्रात~ 11 बजे ग्वालियर जिले के ग्राम दंगियापुरा में मनीरामदास महाराज के दर्शन कर नसरोल जिला भिंड के लिए रवाना होंगे। श्री कुशवाह नसरोल में मस्तराम महाराज मंदिर के दर्शन उपरांत रतनगढ़ जिला दतिया जाएंगे। रतनगढ़ में मां रतनगढ़ माता मंदिर में माता के दर्शन करेंगे। राज्य मंत्री श्री कुशवाह रतनगढ़ से शाम को ग्वालियर बापिस आयेंगे और ग्वालियर में स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

### धारा-144 के तहत कलेक्टर ने किए आदेश जारी

# सब्जी, फल एवं कृषि संबंधी गतिविधियों के लिये कर्फ्यू में कुछ समय की छूट

**ग्वालियर।** कोविड-19 के संक्रमण को रोकने के लिये नगर निगम सीमा क्षेत्र में 14 जुलाई से 21 जुलाई तक सम्पूर्ण लॉकडाउन (कर्फ्यू) लगाया गया है। इस अवधि में फल, सब्जी, पीडीएस दुकानों के साथ ही होम डिलेवरी के लिये शिथिलता प्रदान की गई है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने धारा-144 के तहत आदेश जारी कर प्रात~ 6 बजे से 10 बजे तक शहरी क्षेत्र में पीडीएस की दुकानें खोलने के आदेश पारित किए हैं। इसके साथ ही नगर निगम सीमा क्षेत्र में पूर्व में संचालित सभी सब्जी मंडियां बंद रहेंगीं। सब्जियों के विक्रय हेतु 10 विक्रय केन्द्र निर्धारित किए गए है। विक्रय केन्द्र से होलसेलर, सेमीहोलसेलर एवं फुटकर व्यापारियों द्वारा कार्य किया जा सकेगा। शहरवासियों के लिये सब्जी विक्रय हेतु रामलीला मैदान मुरार, मेला ग्राउण्ड क्र.-1, मेला ग्राउण्ड-2, मेला ग्राउण्ड-3, मेला ग्राउण्ड-4, हजीरा मनोरंजनालय मैदान, आनंदनगर वीनस पब्लिक स्कूल के पीछे का मैदान, तिघरा रोड़ एसआर मेमोरियल के पास, पॉलीटेक्निक कॉलेज झांसी रोड़ के पास तथा गिरवाई नाके के पास स्थान निर्धारित किए गए हैं। प्रशासन द्वारा जारी आदेश में रात्रि 12 बजे से प्रात~ 4 बजे तक बाहर से आने वाले सब्जी विक्रेताओं से होलसेलर लायसेंसधारी क्रय-विक्रय, प्रात~ 4 बजे से 7 बजे तक थोक लायसेंसधारियों से सेमीहोलसेलर एवं फुटकर विक्रेताओं द्वारा क्रय-विक्रय किया



जा सकेगा। प्रात~ 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलित हाथ ठेलों के माध्यम से नगर निगम सीमा क्षेत्र में ग्राहकों को सब्जी का विक्रय किया जायेगा। फल विक्रय के लिये भी आदेश पारित किए गए हैं। रात्रि 12 बजे से प्रात~ 4 बजे तक मोतीझील स्थित फल मंडी में बाहर से आने वाले फल विक्रेताओ से होलसेल लायसेंसधारियों के माध्यम से क्रय-विक्रय प्रात~ 4 बजे से 7 बजे तक छत्री मंडी स्थित फल मंडी से थोक लायसेंसियों से सेमीहोलसेलर एवं फुटकर विक्रेताओं को विक्रय किया जायेगा। इसके साथ ही प्रात~ 7 से दोपहर 12 बजे तक चलित हाथ ठेलों के माध्यम से नगर निगम सीमा क्षेत्र में आम जनों को फलों का विक्रय किया जा सकेगा। कृषि एवं संबंधित गतिविधियाँ प्रात~ 6 से दोपहर 12 बजे तक की जा सकेंगीं। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में खाद-बीज, कीटनाशक की निजी, मार्फेट गोडाउन तथा प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के विक्रय केन्द्र, ट्रेक्टर एवं कृषि यंत्र रिपेयरिंग दुकानें, रायरू तथा डबरा रैक प्वॉइंट से उर्वरक डबल लॉक केन्द्र तथा थोक विक्रेताओं तक परिवहन किया जा सकेगा। होम डिलेवरी प्रात~ 6 से शाम 7 बजे तक (सर्व ग्वालियर, नमस्ते, जोमेटो, स्विगी, अमेजोन, फ्लिपकार्ड) के माध्यम से किया जा सकेगा। इसके साथ ही एमपीसीसीआई से भी किया जा सकेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि समस्त गतिविधि संचालन हेतु कोरोना वायरस से बचाव एवं रोकथाम हेतु भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना आवश्यक होगा। शासन द्वारा आदेश का उल्लंघन पाए जाने पर दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

## कोविड-19 : वीडियो कॉलिंग के माध्यम से भी आम जनों को उपलब्ध कराई जा रही है चिकित्सकीय सलाह

**ग्वालियर।** कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिये सावधानियां आवश्यक हैं। संक्रमण से डरें नहीं, लेकिन सावधानी बरतें। ग्वालियर में संक्रमण की रोकथाम के लिये प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। कंट्रोल कमाण्ड सेंटर के माध्यम से वीडियो कॉलिंग से भी शहरवासियों को चिकित्सीय सलाह दी जा रही है। वीडियो कॉलिंग के माध्यम से अब तक 1400 लोगों को चिकित्सकों द्वारा चिकित्सीय सलाह उपलब्ध कराई गई है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये ग्वालियर में स्मार्ट सिटी के कंट्रोल कमांड सेंटर को कंट्रोल रूम बनाकर व्यवस्थायें की जा रही हैं। कंट्रोल रूम के माध्यम से ही आम जनों को वीडियो कॉलिंग के माध्यम से चिकित्सीय सलाह भी उपलब्ध कराई जा रही है। कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 0751-2646605, 2646606, 2646607 और 2646608 पर कोई भी व्यक्ति संपर्क कर कोरोना संक्रमण के संबंध में जानकारी दे सकता है। इसके साथ ही चिकित्सीय परामर्श हेतु वॉट्सएप नम्बर 7089003193 पर वीडियो कॉलिंग कर चिकित्सकीय परामर्श भी प्राप्त कर सकता है। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि कोरोना के लिये आपातकालीन नम्बर 0751-2646609 पर भी संपर्क कर कोरोना संक्रमण की परेशानियां होने पर जानकारी दी जा सकती है। कंट्रोल रूम पर प्राप्त जानकारी के आधार पर तत्काल पीड़ित व्यक्ति को सहायता और चिकित्सकीय सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**शहरवासियों से अपील :** कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि कोविड-19 के संक्रमण से बचने के लिये सावधानियां बरतें। घर से बाहर निकलते समय मास्क अवश्य लगाएं। हाथों को सेनेटाइज करते रहें। इसके साथ ही जब तक आवश्यक न हो, घर से बाहर न निकलें। संक्रमण के संबंध में अगर कोई लक्षण दिखाई दे अथवा कोई दिक्कत हो तो कंट्रोल रूम के वीडियो कॉलिंग नम्बर 7089003193 पर संपर्क कर चिकित्सकीय सलाह लें। उन्होंने कहा है कि कोरोना से डरने की आवश्यकता नहीं है, इससे सावधानियां बरतना नितांत आवश्यक है।

## लोकायुक्त पुलिस ने एएसआई और एक आरक्षक को रिश्वत लेते दबोचा



**ग्वालियर।** लोकायुक्त पुलिस ने उपनगर ग्वालियर थाने के एक एएसआई और एक आरक्षक कोर्ट मुंशी को रिश्वत लेते हुये दबोचा है। लोकायुक्त पुलिस के अनुसार तानसेन नगर निवासी पुष्पा तोमर नामक महिला ने बीते दिनों शिकायत की थी कि उसके पति पर 420 के एक प्रकरण में कोर्ट में चालान पेश करने के लिए चार हजार रूपये की रिश्वत एएसआई आरपी गुनकर मांग रहे हैं। जिसके बाद लोकायुक्त पुलिस उपाधीक्षक प्रद्युम्न पाराशर , निरीक्षक आराधना डेविस व कविन्द्र चौहान ने आज एएसआई आरपी गुनकर को 2500 रूपये की रिश्वत लेते हुये धर दबोचा। इससे पहले एएसआई गुनकर 1500 रूपये की रिश्वत पहले ही ले चुका था। इसमें 2500 रूपये में से 500 रूपये कोर्ट मुंशी आरक्षक मुकेश सिंह ने लिये , तो लोकायुक्त पुलिस ने उसे भी धर दबोचा। लोकायुक्त पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## कुमार पुरूषोत्तम होंगे गुना कलेक्टर

**ग्वालियर।** अंतत~ गुना कलेक्टर के लिये 2012 बैच के आईएएस अधिकारी कुमार पुरूषोत्तम की पदस्थापना कर दी गई है। आज राज्य शासन ने कुमार पुरूषोत्तम को जिला कलेक्टर बनाने के आदेश जारी किये। ज्ञातव्य है कि दो दिन पूर्व एक गरीब परिवार पर हुये लाठीचार्ज के बाद कल रात्रि गुना कलेक्टर एस. विश्वनाथन व पुलिस अधीक्षक तरूण नायक को बीती रात हटा दिया गया था। जिसमें कल रात्रि में राजेश कुमार सिंह को गुना का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया था, और कलेक्टर की पदस्थापना खाली रखी गई थी। आज सायं अब गुना कलेक्टर के पद पर कुमार पुरूषोत्तम की पदस्थापना कर दी गई है। कुमार पुरूषोत्तम अभी एमडी एकेव्हीएन इंदौर में पदस्थ थे।



## बानमौर और मालनपुर क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों के लिए सीमा सील में परेशानी नहीं आने देंगे : आईजी मनोज शर्मा

**ग्वालियर।** चंबल रेंज के पुलिस महानिरीक्षक मनोज शर्मा ने कैट द्वारा आयोजित वेबिनार में कहा कि बानमौर और मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र सुचारू रूप से चलें इसके लिए हम कलेक्टर मुरैना, कलेक्टर भिण्ड, कलेक्टर ग्वालियर के साथ कोर्डिनेट करके ऐसा रास्ता बनायेंगे कि औद्योगिक इकाइयों के संचालन में किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने औद्योगिक संग मालनपुर के श्री आशीष गर्ग के प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि मालनपुर के टोल प्लाजा पर लग रही भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए परिवहन विभाग के साथ कोर्डिनेट करेंगे और जो चेकपोस्ट है वो कैसे व्यवस्थित हो इसके लिए अंतर विभागीय बैठक में चर्चा कर इसका निराकरण निकालेंगे। चंबल रेंज के पुलिस महानिरीक्षक मनोज शर्मा ने कहा कि उद्योगपति और व्यापारी देश के सर्वांगीण विकास की रीढ़ हैं। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। देश की जीडीपी में सर्वाधिक योगदान देने वाले व्यापारियों ने कोरोना की विषम परिस्थितियों में सप्लाई चेन से लेकर जरूरतमंद



लोगों को भोजन कराने तक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की वीडियो कांफ्रेंसिंग में श्री शर्मा ने कहा कि जनसंवाद से समस्याओं का समाधान होता है। हम प्रयास करेंगे कि चंबल रेंज के सभी जिलों में थाना स्तर पर व्यापारिक समितियां बनें, कैट इसके लिए प्रयासरत है। मुझे प्रसन्नता है कि आज इन चारों जिलों दतिया, भिण्ड, मरैना एवं श्योपुर जिलों के व्यापारियों से मिलकर बानमौर और मालनपुर के उद्योगपतियों से मिलकर एक सार्थक चर्चा हुई है। वीडियो कांफ्रेंसिंग में कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने स्वागत करते हुए कहा कि देश की सबसे अग्रणी संस्था आज प्रदेश के 11 लाख से अधिक व्यापारियों का नेतृत्व कर रही है और व्यापारिक हितों के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कैट की गतिविधियों से आईजी मनोज शर्मा को अवगत कराया। वेबिनार का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रकाश अग्रवाल ने किया, जबकि कोर्डिनेशन कोषाध्यक्ष मनोज चौरसिया द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन प्रदेश सचिव महेश गर्ग ने माना जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक गोयल, श्रीमती अलका श्रीवास्तव, महामंत्री मुकेश अग्रवाल सहित दतिया जिले के अध्यक्ष गोविन्दशरण बिजपुरिया, मुरैना व्यवसाई संघ के अध्यक्ष रविन्द्र मोहन माहेश्वरी, श्योपुर के व्यवसाई संघ के अध्यक्ष कैट कोर्डिनेटर सूरजमल मंगल, भिण्ड कैट कोर्डिनेटर अरुण गुप्ता, अमित जैन, संजीव जैन, प्रवीण जैन, मुरैना रोटरी क्लब के अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, मुरैना कैट कोर्टिनेटर रवि गुप्ता सहित अनेक व्यापारी और उद्योगपतियों ने जनसंवाद में भाग लिया।



## ग्वालियर जोन के एडीजीपी राजा बाबू सिंह को संस्था ने किया सम्मानित।

वासुदेव मिश्रा रिपोर्टर

**ग्वालियर।**गौरवशाली सामाजिक संस्था परिवार ने गुरुवार को पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन राजा बाबू सिंह से सौहार्द भेंटवार्ता कर ष्थ1द्वस्र-19 में निरंतर उत्कृष्ट कर्तव्य दायित्व निभाने एवं संस्था के संकल्प कोई भूखा ना सोए प्रयास की प्रशंसा कर मनोबल बढ़ाने हेतु संस्थापिका अध्यक्ष अधिवक्ता शिल्पा डोगरा, वासुदेव मिश्रा, अधिवक्ता बरखा श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त करते हुए आभार पत्र देकर सम्मानित किया। संस्था की अध्यक्ष अधिवक्ता शिल्पा डोगरा ने जानकारी दी कि सामाजिक संस्थाओं द्वारा सांस्कृतिक एवं महिलाओं तथा जरूरतमंदों की मदद के लिए जो भी प्रयास किए गए हैं उसमें सदैव से ही राजा बाबू सिंह जैसे वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का अधिकतर कार्यक्रमों में उपस्थिति एवं कार्य की प्रशंसा कर समाज की बुराइयों को दूर करने एवं जरूरतमंदों की मदद करने की जो पहल की जाती है इससे सभी को प्रेरणा मिलती है।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.

( Min. size 5×9 )

कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज

12×5 - 2000 रु

नि :शुल्क

बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

### प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है। हमारा उद्देश्य – भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।

नोट: मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478